हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025



### दिग्विजय कॉलेज प्रबंधन की सामने आई बड़ी लापरवाही

# परीक्षा देने पहुंचे बच्चों को करना पड़ा पौन घंटे इंतजार

## परीक्षा देने पहुंचे 30% से अधिक को करना पड़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सबसे बड़ी ऑटोनॉमस कॉलेज दिग्विजय महाविद्यालय में प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। प्रबंधन ने बच्चों के अनुसार प्रश्नपत्र ही नहीं छपवाए थे, प्रबंधन की लापरवाही के चलते परीक्षा देने पहुंचे लगभग दो सौ बच्चों को पौन घंटे अधिक इंतजार करना पड़ गया। वहीं जानकारी सामने आने के बाद जवाबदेही अफसर जिम्मेदारी से बचते नजर आए।

मिली जानकारी के अनुसार दिग्विजय महाविद्यालय में तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की जा रही है। मंगलवार को भी बी. कॉम क्लास की वीएसी की परीक्षा होनी थी। जिसको देने के लिए सुबह से ही बच्चे पहुंच गए थे, लेकिन परीक्षा केंद्र पहुंचते ही उन्हें पता चला कि बच्चों के अनुसार प्रश्न पत्र ही प्रबंधन के पास नहीं थे। ऐसे में प्रबंधन ने आनन-फानन में जितने प्रश्न पत्र थे, उतने बच्चों को केंद्र में बैठाया और परीक्षा शुरू कर दी। शेष बच्चों को लगभग पौन घंटे तक इंतजार करना पड़ गया। प्रबंधन ने अपने स्तर पर परीक्षा पत्र को प्रिंट कराने भेजा। जिसके बाद परीक्षा ली गई।



### अंतिम समय तक फार्म भरने से दिक्कतें

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा से ठीक पहले तक फार्म भरने का क्रम जारी रहा। बताया गया कि कई बच्चों ने 8 दिसंबर से परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले ही फार्म भरे। जिसके चलते परीक्षा के दौरान छात्रों की सही संख्या प्रबंधन को नहीं पता चल पाई। जिसके चलते मंगलवार को प्रश्न पत्र कम होने की दिक्कत सामने आई।

### आनन-फानन में छपवाए प्रश्न पत्र

बताया गया कॉलेज प्रबंधन हर विषय का प्रश्न पत्र पहले से ही तय एजेंसी के जरिये छपवा लेता है, लेकिन मंगलवार को प्रश्न पत्र कम पड़ने के बाद आनन-फानन में स्थानीय स्तर पर डेढ़ सौ प्रश्न पत्र की प्रिंटिंग कराकर बच्चों को उपलब्ध कराया गया।

### छात्र संघ ने कहा: जिम्मेदारी हो तय

इधर इस मामले के सामने आने के बाद प्रबंधन की लापरवाही को लेकर छात्र संघ ने भी मोर्चा खोल दिया है। छात्र संघ में एनएसयूआई शहर अध्यक्ष राजा यादव ने कहा कि प्रबंधन जब परीक्षा की फीस लेती है, तब ही यह देख लेना चाहिए कि कौन से विषय में कितने छात्र हैं। उस अनुसार ही परीक्षा की तैयारी होनी चाहिए, लेकिन परीक्षा के दिन ऐसी लापरवाही प्रबंधन की कमजोरी को दर्शाता है। प्रबंधन को इस लापरवाही के मामले में जवाबदेही तय करना चाहिए। वहीं छात्र संघ ने यह भी बताया कि परीक्षा देने के लिए पहुंच रहे विद्यार्थियों को टेबल-कुर्सी भी सही तरीके से उपलब्ध कराने में दिग्विजय कॉलेज प्रबंधन फेल रहा है।

### परीक्षार्थियों को 45 मिनट का अधिक समय दिया

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बी-कॉम तीसरे सेमेस्टर के तहत परीक्षा देने पहुंचे उन परीक्षार्थियों को अधिक समय दिया गया, जिन्हें प्रश्न पत्र देर से दिया गया था। बताया गया कि लगभग पौने दो सौ बच्चे ऐसे थे। जिनके लिए प्रश्न पत्र अलग से प्रिंट कराना पड़ा। ऐसे में इन बच्चों को तय समय से 45 मिनट का अधिक समय परीक्षा देने के लिए मिला। वहीं शेष छात्र जिन्हें पहले ही प्रश्न पत्र मिल गया था, उनको तय समय पर ही परीक्षा ली गई।


## अवैध रूप से शराब परिवहन, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले के खिलाफ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 15



दिसंबर की रात्रि में चिखली पुलिस व सायबर सेल की टीम द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर दीनदयाल कालोनी रोड पानी टंकी के पास घेराबंदी कर आरोपी रितेश रजक 34 साल पुराना ढाबा को पकड़ा। **70 पौवा देशी प्लेन बरामद :** आरोपी के कब्जे से 70 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती 5600 रुपए एवं बाइक को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत साक्ष्य सबूत पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।




**0 राजनांदगांव।** शहर के चिखली ओवरब्रिज में भारी वाहनों के दबाव के चलते लगातार डिवाईडर टूट रहे है। चिखली की ओर से शहर की ओर आने वाला डिवाईडर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी वजह से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

माय एंगल




## सचिन फिर बने बैंक अध्यक्ष वर्मा को उपाध्यक्ष का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पद फिर से सचिन बघेल को मनोनीत कर दिया गया है। वहीं प्रदेश महामंत्री रह चुके भरत वर्मा को बैंक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञात हो कि पिछले 12 अक्टूबर को ही सचिन बघेल का कार्यकाल समाप्त हुआ था।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के करीबन आधा दर्जन जिला सहकारी बैंकों में अध्यक्ष पद रिक्त थे, जिस पर अब शासन ने मनोनयन करते हुए नेताओं की पोस्टिंग कर दी है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए नेता अब आज पदस्थापना ग्रहण करेंगे।

### पहले भी साथ काम कर चुकी ये जोड़ी

यह पहली बार नहीं है, जब किसी संस्था में सचिन बघेल और भरत वर्मा साथ काम करने वाले हैं। इससे पहले भी दो दशक पूर्व जिला पंचायत में यह जोड़ी काम कर चुकी है। उस दौरान भरत वर्मा जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं सचिन बघेल उपाध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

ज्ञात हो कि सचिन बघेल इससे पहले वर्ष 2016 में निर्वाचित होकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष बने थे, लेकिन 2018 में सरकार बदलने के बाद तत्कालीन सरकार ने बॉडी को भंग कर दिया था। जिसके बाद 2023 में दोबारा सरकार बदलने पर कोर्ट के आदेश पर सचिन बघेल ने अपना शेष 19 महीने का कार्यकाल पूरा किया था। अब दोबारा अध्यक्ष बनाए गए।

## अशांति फैलाने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गाली-गलौज कर अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 16 दिसंबर को शीतलापारा राजू किराना दुकान के पास शंकरपुर अपने पिता व पत्नी को गाली-गलौज व वाद-विवाद कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर तरूण वर्मा 24 साल को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## डोंगरगांव को मिला नगर पालिका का दर्जा

### शासन ने दी सौगात, राजपत्र में प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा डोंगरगांव नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिया गया है। आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। नगर पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाली सीमाएं अब नगर पालिका क्षेत्र होगी।



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय से जारी अधिसूचना में वर्ष दो 2011 की जनसंख्या 14693 अनुसार डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा दिया गया है। इसको लेकर राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की गई है। इधर डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद राजनीतिक दलों और नगर के लोगों द्वारा पटाखे फोड़कर इस अधिसूचना का स्वागत किया गया। नगर पालिका डोंगरगांव के अंतर्गत फिलहाल नगर पंचायत की सीमाएं ही आएगी। शासन द्वारा जारी आदेश में नगर पंचायत की सीमा क्षेत्र को ही नगर पालिका क्षेत्र घोषित किया गया।

### विकास में आएगी तेजी

डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा मिलने से यहां विकास के कार्यों में तेजी आएगी। वहीं 15 वार्ड वाला डोंगरगांव नगर पंचायत में पालिका बनने के बाद नए परिसीमन के साथ 24 वार्ड हो जाएंगे। वहीं लंबे समय से डोंगरगांव को नगर पालिका बनाने की मांग भी की जा रही थी।

### लंबे समय से थी मांग, नेताओं ने जताया आभार

डोंगरगांव नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने की पिछले लंबे अरसे से मांग की जा रही थी। डोंगरगांव के भाजपा नेताओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी इस आशय का आग्रह किया था। सूत्रों ने बताया कि पूर्व सीएम के प्रयासों से राज्य शासन ने इस आशय का आदेश राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है। आदेश के जारी होते ही डोंगरगांव में खुशी का माहौल है। भाजपा नेताओं ने सीएम विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।




बधाई
हरिभूमि
24th
YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
बधाई
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई
मधुसूदन यादव
महापौर
नगर निगम राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### नए कार्यकारी अध्यक्ष को दी बधाई

**डोंगरगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं बिहार सरकार के मंत्री नीतिन नबीन को पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनके संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं कार्यशैली से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### कॉलेज में शिक्षण-अभ्यास कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित विद्यालयीन शिक्षण-अभ्यास कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी-शिक्षकों को वास्तविक विद्यालय वातावरण में शिक्षण प्रक्रिया का अनुभव प्रदान करना तथा उनके पेशेवर शिक्षण कौशल का विकास करना था। विद्यार्थियों ने जिले के अनेक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शिक्षण-अभ्यास करते पाठ योजना, कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन प्रक्रिया, सह-शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यालय प्रशासन से संबंधित व्यवहारिक कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। यह शिक्षण-अभ्यास शा.हाईस्कूल मोहड़, शा.हाईस्कूल बोरी, ग.मा.मु. शा. उ.मा. शाला शंकरपुर, शा.उ.मा. शाला कन्हारपुरी, शा.उ.मा. शाला हरदी, शा.उ.मा. शाला भेड़ीकला, शा.उ.मा. शाला लखोली ग्राम, म.ल.ब.क. शा.उ.मा. शाला, शा.उ.मा. शाला सोमनी, जेएलएम गायत्री विद्यापीठ केसरनगर राजनांदगांव, गुरुनानक उ.मा. शाला राजनांदगांव तथा भारती कन्या उ.मा. शाला भरकापारा राजनांदगांव में सम्पन्न हुआ।

### ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत छुरिया के सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य टैक्स जमा कराने क्यूआर कोड जारी किया गया है। ग्रामीण क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से अपना अनिवार्य टैक्स जमा कर रहे हैं। ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा से ग्रामीण उत्साहित है। डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया से टैक्स वसूली सरल हुआ है। जिससे टैक्स कलेक्शन में इजाफा हुआ है।

### मानिटरिंग समिति की बैठक 22 को

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

---

#### जिले में विकास को मिली रफ्तार, समय-सीमा में पूर्णता के लिए निर्देश

# कलेक्टर प्रजापति ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में अधोसंरचना विकास कार्य अब तेजी से गति पकड़ने लगी हैं। शासन के मंशानुरूप जिले के जनसामान्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य एवं घोषणाएं धरातल पर मूर्त रूप ले रही हैं। इन कार्यों से न केवल जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी, बल्कि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी मजबूती प्राप्त होगी।



कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के कुशल निर्देशन में जिले में संचालित निर्माण कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि जिले के सभी विकास कार्य एवं स्वीकृत घोषणाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर ने आज जिले में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, प्रयुक्त सामग्री, कार्य की वर्तमान स्थिति तथा प्रगति में आ रही बाधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन संयुक्त जिला कार्यालय, न्यू सर्किट हाउस, कन्या कॉलेज, पीडब्ल्यूडी क्वार्टर, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, पशुपालन कार्यालय, लाइवलीहुड कॉलेज, वीवीपैट, आईटीआई, ट्रांजिट हॉस्टल, आवासीय सह-विद्यालय सहित अन्य प्रमुख निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब या गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### लंबित कार्यों की मानिटरिंग करें

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने अधिकारियों एवं इंजीनियरों को निर्देशित किया कि लंबित निर्माण कार्यों की नियमित एवं दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर विलंब न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले के ये सभी निर्माण कार्य जनहित से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं, इसलिए गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी एजेंसियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए जन उपयोगिता को प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

---

# आदिवासी परिवारों को सूखा राशन वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई

जनकल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव एवं जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर ब्लॉक के ग्राम चावरगांव, मुरझर, कदाड़ी, सहपाल और कामखेड़ा में आदिवासी परिवारों के लिए सूखा राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्री-स्कूल पोषण, शिक्षा एवं राहत कार्यक्रम के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ अंचलों में निवासरत आदिवासी परिवारों को दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई।

संस्थान ने बताया कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कई परिवार रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने संघर्ष कर रहे हैं।

इसी को ध्यान में रखते यह संयुक्त पहल उन्हें राहत पहुंचाने और जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई। राशन वितरण कार्यक्रम में शैलेन्द्री मंडावी (भूतपूर्व सरपंच), दिलकर शाह मंडावी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम प्रमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार, मंजु मरकाम, गौरी यादव, मनीषा मंडावी, ममता मंडावी और श्वेता जाड़े ने सक्रिय सहयोग किया। संस्थान ने नागरिकों से सामाजिक कार्यों में सहभागिता कर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

#### राशन किट वितरित

कार्यक्रम के तहत कुल 127 आदिवासी परिवारों को राशन किट वितरित की गई। जिसमें 26 किलो चावल और 4 किलो अरहर दाल शामिल थी। संस्थान के कार्यकर्ता किशन साहू ने कहा कि यह पहल मानवता, सहयोग और समाजसेवा के मूल्यों पर आधारित है। संस्थान भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने इस तरह की सामाजिक गतिविधियां जारी रखेगा। समाज की मजबूती तभी संभव है, जब हर वर्ग को समान अवसर और आवश्यक सुविधाएं मिले, विशेषकर आदिवासी समुदायों को विशेष सहयोग की आवश्यकता है।

---

## हितग्राहियों को दिया जा रहा कौशल प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सांकरा, सोमनी, राजनांदगांव में असिस्टेंट मेसन कोर्स में 60 महिला हितग्राहियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके प्रायोजक विभाग श्रम विभाग राजनांदगांव हैं। प्रशिक्षणरत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिवस में प्रतिदिन 200 रुपए के मान से मानदेय श्रम विभाग राजनांदगांव द्वारा प्रदाय किया जाएगा। असिस्टेंट मेसन कोर्स में प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात हितग्राहियों को गांवों व शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बनने वाले मकानों में कार्य करने उन्हें रोजगार व स्वरोजगार प्रदाय किया जाएगा, जहां पर उनको उचित मजदूरी प्राप्त हो सके। इस योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को उनके इच्छानुरूप निःशुल्क आवासीय व गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदाय कर रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जाना है।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर कॉलेज में कार्यक्रम

■ छात्र छात्राएं रहे उपस्थित

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 15 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। यह दिवस हर साल भारत में ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के महत्व को समझाने के लिए आयोजित किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन ब्यूरो ऑफ़ एनर्जी एफिशिएंसी के द्वारा किया जाता है, जो कि ऊर्जा उपयोग को कम करने और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए नीतियां बनाता है।

कार्यक्रम में डॉ.उमेद चंदेल, डॉ परमेश्वरी टाडिया, शबाना खान, खेमपाल, विनय चौहान, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

#### जागरूकता फैलाने दिए संदेश

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.ओपी गुप्ता ने किया, जिन्होंने कहा कि ऊर्जा बचाना सिर्फ एक आदत नहीं बल्कि हमारी ज़िम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में छोटे-छोटे कदम उठाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हैं, जैसे अनावश्यक समय पर इलेक्ट्रिक उपकरणों को बंद करना, ऊर्जा-दक्ष बल्बों का उपयोग करना और संसाधनों का सही उपयोग करना। आयोजन में राज्य-स्तरीय राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के बारे में जानकारी भी दी गई, जहां भारत के विभिन्न राज्य और संस्थान अपनी ऊर्जा-दक्ष पहलों के लिए सम्मानित किए गए हैं। ऊर्जा संरक्षण विषय पर निबंध/स्वरोजगार भाषण/पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें सभी ने जागरूकता फैलाने वाले संदेश दिए। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने ऊर्जा संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए और पर्यावरण को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## लिटिया में पंथी नृत्य एवं जयंती सामारोह कल



**राजनांदगांव।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ग्राम लिटिया में 18 दिसम्बर को बाबा गुरुघासीदास की 269वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा एवं 1 दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा की शुरूआत दोपहर 2 बजे से की जाएगी। वहीं शाम 5 बजे जैतखाम में ध्वज रोहण के साथ बाबा गुरु घासीदास की आरती पूजन पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि 9 बजे से पंथी नृत्य प्रतियोगिता प्रारंभ होगा। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया जाएगा। सतनामी समाज द्वारा इस धार्मिक कार्यक्रम में ज्यादा-ज्यादा से उपस्थिति की अपील की गई है।

---

## साइंस कॉलेज में कैरियर गाइडेंस सेमिनार में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में रोजगार एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संस्था प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के नेतृत्व में कैरियर मार्गदर्शन हेतु सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रोहित कुमार वर्मा मुख्य बीमा सलाहकार उपस्थित थे।

रोजगार एवं मार्गदर्शन प्रभारी अनिल चंद्रवंशी ने कार्यक्रम की शुरूआत करते बताया कि आज शासन महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने प्रतिबद्ध है। आज हर फील्ड में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही है। जिससे उनके लिए रोजगार के नए-नए मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इसी दिशा में पीएम बीमा सखी योजना महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एसआर कन्नौजे ने आभार प्रदर्शन किया। सेमीनार में महाविद्यालय की स्टाफ डॉ. फुलसो राजेश पटेल, गुणवन्ता दास, शिवेंद्र कुमार, पुण्यप्रदा, डॉ. सोमेश्वरी वर्मा, थानेश्वरी देशमुख आदि उपस्थित थे।



#### विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा के इस युग में अतिरिक्त आय कैसे प्राप्त करें, इस विषय में विचार करना चाहिए और इसके लिए पीएम बीमा सखी योजना महत्वपूर्ण जॉब हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी शुरूआती जीवन में ही अतिरिक्त आय प्राप्त करने का नया-नया तरीका ढूंढना चाहिए, ऐसा उन्होंने बताया। मुख्य वक्ता रोहित कुमार वर्मा ने बताया कि जीवन बीमा निगम में महिला बीमा सखी कैरियर एजेंट योजना के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे महाविद्यालय की लड़कियां महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक आजादी की ओर अपना कदम बढ़ाकर अपनी कैरियर को उड़ान देने का सुनहरा मौका जीवन बीमा निगम में एजेंट के रूप में कार्य कर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्ले मिंटो की मधुर कहानियां सुनाते विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस पर हरित भविष्य के लिए स्वस्थ जीवनशैली विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. पीएम लुका ने कहा कि मेडिकल संस्थानों की पर्यावरण संरक्षण एवं जन-स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष सामुदायिक चिकित्सा एवं आयोजन अध्यक्ष डॉ. दिव्या साहू ने बढ़ते प्रदूषण संबंध स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डालते युवाओं की जलवायु-संवेदनशील पहलों में भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञों द्वारा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा देशव्यापी जलवायु-स्वास्थ्य क्षमता निर्माण ढांचे पर जानकारी प्रदान की गई।

## मेढ़ा धान खरीदी केंद्र में अवैध उगाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम मेढ़ा के धान खरीदी केंद्र में धान पलटी करने के नाम पर किसानों से 6-7 रुपए प्रति कट्टा जबरन पैसे वसूली की जा रही है, जिस मामले को लेकर सैकड़ों किसानों के साथ उपस्थित होकर समिति प्रबंधक और सम्मिलित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।



इसके अलावा सोसायटी द्वारा प्रति क्विंटल किसानों से धान की खरीदी वजन के विपरीत की जा रही थी, जहां शासन द्वारा प्रति क्विंटल वजन 40 किलो 700 ग्राम होनी थी, वहां पर किसानों से अधिक वजन 41 किलो 300 ग्राम से खरीदी की जा रही है, जो पूर्णतः किसानों के साथ अन्याय है।

लगातार किसानों के साथ धान खरीदी के पहले दिन से ये अनियमितता देखने मिल रहा था, जिसे लेकर आज क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के साथ मिलकर शिकायत की, जिस पर किसानों से प्रति कट्टा अवैध वसूली पर रोक लगाई गई एवं नियमतः जो वजन प्रति क्विंटल शासन से आदेश हुआ है, उस पर धान खरीदी का आश्वासन दिया गया, लेकिन संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरीके की कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे किसानों में आक्रोश का माहौल है। उक्त मामले में जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव, किसान दशरथ ठाकुर, हृदय मांडवी, मदन सिन्हा, अश्वनी खरे, संजय सिन्हा, गौतम सिन्हा, छोटू चंद्रवंशी, गौरव सेन, देवलाल साहू, शिवलाल सिन्हा, पूरन सिंह, नागेश देवांगन सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

---

#### स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में आयोजन

# बाल मधुमेह पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बच्चों में मधुमेह अर्थात टाइप-1 डायबिटीज़ की पहचान, प्रभावी उपचार और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में किया गया। जिसमें विभिन्न संवर्गों के 200 से अधिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला तीन चरणों में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज़ के लक्षण, जटिलताएं, समय पर निदान, उपचार, इंसुलिन प्रबंधन, काउंसलिंग, मानसिक स्वास्थ्य सहायता तथा परिवार व समुदाय की भूमिका जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर तकनीकी रूप से दक्ष बनाना था, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में बच्चों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, केस स्टडी एवं चर्चा सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा बाल मधुमेह से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

#### कौशल विकास की ओर प्रेरक कदम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने इस पहल को बच्चों के सुरक्षित व स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण स्वास्थ्यकर्मियों के कौशल विकास की ओर एक प्रेरक कदम है और इससे जिले में बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ मिलेंगी। उन्मुखीकरण कार्यक्रम डॉ. आशीष शर्मा के निर्देशन तथा यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण प्रदान करने में यूनिसेफ टीम के साथ-साथ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू बनपुरिया, सहायक नोडल अधिकारी एनसीडी श्री नागेश सिमकर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती सोनल ध्रुव, जिला डेटा मैनेजर खिलेश साहू एवं बीएमओ डॉ मनीष बघेल तथा डॉ विवेक बिसेन एवं टीम का विशेष योगदान रहा।कार्यशाला की शत-प्रतिशत सहभागिता से उम्मीद है कि जिले में टाइप-1 डायबिटीज़ से पीड़ित बच्चों को और अधिक त्वरित, समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

---

# विभागीय समन्वय से बनेगी कार्ययोजना अधिक लोगों को मिलेगा लाभः मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



एक नया और आकांक्षी जिला है मोहला, यहां संभावनाएं अपार हैं और जरूरत है कि सभी विभाग एकजुट होकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। जब विभागीय समन्वय मजबूत होगा, तो जिले के अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे और यह जिला निश्चित रूप से राज्य में प्रगति की दिशा में अग्रणी बनेगा, उक्त बातें छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। इस अवसर पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कहा कि यह मुख्यतः कृषि आधारित जिला है, इसलिए कृषि, उद्यानिकी, वन और सिंचाई विभाग आपसी समन्वय बनाकर संयुक्त कार्ययोजना तैयार करें, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिल सके और आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा मिले। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए हॉस्टल-छात्रावास में बच्चों की संख्या एवं आवास निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने धरती आबा, उत्कर्ष ग्राम अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शेष ग्रामों में भी अभियान आयोजित कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने का कार्य किया जाए। मौके पर उन्होंने वीरान ग्रामों का सर्वे करने को कहा ताकि आबादी होने पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जा सके। जिला पंचायत एवं नगरी निकाय की समीक्षा के दौरान उन्होंने पीएम आवास निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक प्रगति लाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। श्रम विभाग को उन्होंने कहा कि योजनाएं सीधे जनता से जुड़ी हैं, इसलिए विभागीय टीमें मैदान में जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें और पात्रों को लाभ सुनिश्चित करें।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर दिया जोर-शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचल में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए योजना बनाएं। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने औंधी एवं मानपुर हॉस्टल में नियमित स्टाफ की कमी से अवगत कराया। मौके पर अध्यक्ष श्री मंडावी ने जननी सुरक्षा, चिरायु, आयुष्मान, एम्बुलेंस जैसे विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान सीएमएचओ ने बताया कि निक्षय पोषण के तहत पूरक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। वही संस्थागत प्रसव हेतु प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने एनआरसी में बच्चों की संख्या की भी जानकारी ली, उन्होंने कहा कि पालकों को प्रोत्साहित करें, ताकि बच्चों को सुपोषित किया जा सके।

#### जिले को बस्तर संभाग में जोड़ने की मांग

मानपुर रेस्ट हाउस में बैठक के दौरान जिले भर से पहुंचे आदिवासी समाज प्रमुखों ने नए जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को बस्तर संभाग में जोड़ने के साथ साथ बस्तर प्राधिकरण मे जिलों को शामिल करने की मांग रखी।

#### समाज के लिए कदम उठाने की जरूरत

अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने समाज प्रमुखों से बैठक मे अपील किया कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होते हुए जनजाति समाज के उत्थान के लिए अहम अहम कदम उठाने को कहा।

## खबर संक्षेप



### पोस्टर स्पर्धा में मनीषा विजेता

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 16 दिसंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। समन्वयक डॉ हेमलता विरदी एवं निर्णायकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया। स्पर्धा में प्रथम स्थान मनीषा, द्वितीय योगेश एवं तृतीय स्थान प्राची ने प्राप्त किया। आयोजन के दौरान अतिथि व्याख्याता कंचन साहू, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, संजूसिंह, चांदनी पराते, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन, क्रीड़ाधिकारी मोनिश खान, ग्रंथपाल हिमानी साहू उपस्थित थे।

### भुरभुसी में मितानिन सम्मानित



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी में बीते दिवस मितानिनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि मितानिन गांव में अपनी बेहतर सेवा देकर ग्रामीणों को सुरक्षा दे रही हैं। गर्भवती महिला, बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं को इनसे लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर भवन, गली, मोहल्ला में सफाई किया गया। कार्यक्रम में सरपंच डोंगरू साहू, पंचायत सचिव तुकाराम पटेल, सुनीता चतुर्वेदी, आशा साहू, नोमनबाई, किरण चतुर्वेदी, भाना साहू, रजनीबाई, सुरेन्द्र साहू, मन्नूराम साहू, भोजराम साहू, अनिता साहू, देवकी साहू, जानकी साहू, सुनीता साहू, कन्हैया साहू, हेमंत विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रीति का पुलिस में चयन



**खड़गांव।** भटगांव की प्रीति पटवा का पुलिस विभाग में चयन हुआ है। वह शुरू से पढ़ाई में तेज रही है। प्रीति का सपना पुलिस विभाग में भर्ती होने का था। अपनी मेहनत और लगन से प्रीति पटवा ने पुलिस विभाग में चयनित होने में कामयाब रही। वह स्व शेखर पटवा की सुपुत्री है। उसने प्रारंभिक शिक्षा गांव में हासिल किया । पूर्व सरपंच ललित ठाकुर, रामप्रसाद कोरेटी, दिलीप धनकर, भारत पटवा, सुरेखा पटवा आदि ने उसे बधाई दी है।

### परेड के लिए तीन कैडेट चयनित



**अंजोरा।** निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के निर्देशन में गणतंत्र दिवस परेड की पूर्व तैयारी हेतु मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी प्रशिक्षण अकादमी भोपाल में आयोजित प्री आरडीसी शिविर में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के तीन कैडेट यश देवांगन, निखिल देशमुख, वर्षा प्रियदर्शिनी ने चयनित हुई। इस शिविर में इंदौर, सागर, जबलपुर एवं रायपुर ग्रुप के 16 बालक एवं 8 बालिकाओं ने हिस्सा लिया था। आगामी 17 से 26 दिसंबर तक दूसरे शिविर में हिस्सा लेने के बाद चयनित कैडेट दिल्ली रवाना होंगे। चयनित कैडेटों को यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल राहुल दुबे एवं प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल अमन सिंह तथा प्रशिक्षण जेसीओ गगनदीप शर्मा ने बधाई दी है।

---

### बेसुध होने का कारण अस्पष्ट, पालकों में भय का माहौल

# डॉक्टरों ने टटोला छात्राओं की सेहत

## छात्राओं का बेसुध होना लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्राथमिक शाला खैरबना में छात्राओं के बेसुध होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सप्ताह भर से छात्राओं के बेसुध होने तथा असामान्य हरकत करने की शिकायत सामने आ रही है। मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक छात्राएं बेसुध हो गई थी। मंगलवार को चिकित्सा टीम स्कूल पहुंची तथा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर आदि जांचा तथा ब्लड सैंपल लिया। जांच में छात्राओं के बेसुध होने का कारण साफ नहीं सका है।

ज्ञात हो कि मंगलवार को प्रार्थना के बाद छात्र अपनी कक्षा में चले गए थे। थोड़ी देर बाद तीन छात्राएं तथा कुछ देर बाद दो अन्य छात्राएं बेसुध हो गई। इसी दौरान मेडिकल टीम ने स्कूल पहुंचकर परीक्षण किया। कुछ देर में छात्राएं स्वतः होश में आ गई। जांच प्रक्रिया के दौरान चार छात्राएं बेसुध हो गई जिन्हे शाला परिसर से बाहर लाया गया।



**स्कूल भेजने से कतराने लगे**

विद्यालय में सप्ताह भर से छात्राओं का बेसुध होने की शिकायत बढ़ते जा रही है किन्तु छात्रों में इसे लेकर भय नहीं है। वह प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करा रहे है किन्तु लगातार घटना होने के बाद पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। पालकों ने कहा कि ऐसी स्थिति में वह

**अध्ययन हो रहा प्रभावित**

गांव में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला संचालित है। छात्राओं के बेसुध होने की समस्या प्राथमिक शाला में है परन्तु सप्ताह भर से माध्यमिक शाला की भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर शिक्षक एवं ग्रामीण परेशान हैं।

**स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग**

पालक एवं ग्रामीणों ने स्कूल में जिला चिकित्सा टीम का शिविर लगाने की मांग की है। स्वास्थ्य टीम मंगलवार को दिन भर तैनात रही फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। शिक्षक एवं पालकों में भय का माहौल बनने लगा है। ग्रामीणों का कहना है की जब तक समस्या का हल नहीं निकल जाता तब तक चिकित्सा टीम स्कूल में रहें तो समस्या से निपटा जा सकता है। जनपद सदस्य डोमार सिंह ने खाद्य एवं पीएचई विभाग को आवेदन देकर खाद्यान्न एवं पेयजल की जांच करने की मांग की है।

---

# विस में उठा चावल की कालाबाजारी का मामला

- जांच होने पर गड़बड़ी का बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राशन दुकानों से चांवल की अफरातफरी एवं अवैध रूप से आ रहे धान का मामला विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विधान सभा में उठाया है। मामला उठने के बाद स्थानीय अधिकारियों में हडकांप मच गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध धान के मामले में जांच करने का आदेश जारी करने की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों धान कोचियों को संरक्षण के मामले में एक अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही हुई है। अब देखने वाली बात यह है कि राशन दुकानों के चांवल की कालाबजारी को रोकने क्या कदम उठाए जाते है।

**व्यापारियों में हड़कंप**

उल्लेखनीय है कि षहर की कई राशन दुकानों से 2021 से 2023 के दौरान चांवल को मार्केटींग सोसयटी के अधिकारी एवं दुकान के संचालको ने मार्केट एवं राईस मिलों को बेच दिया था। कालकापारा, केदारबाडी, बुधवारी की राशन दुकानों से बडे पैमाने में चांवल एवं शक्कर बेचा गया था।वहीं दुकानों में फर्जी स्टाक बता कर जांच अधिकारीयों ने मामले को रफा दफा कर दिया।

### शहीदी समागम 20 को, कीर्तन के दीवान सजेंगे

**डोंगरगढ़।** गुरुद्वारा गुरुसिंग सभा, सिख एजुकेशन सोसाइटी ने खालसा स्कूल ग्राउंड में सिख पंथ के शहीद चार साहेबजादों एवं माता गुजरी कौर की याद में शहीदी समागम का आयोजन आगामी 20 दिसंबर को किया है जिसमें कीर्तन के दीवान सजेंगे।

समाज के सचिव शम्मी भाटिया ने बताया कि 20 दिसंबर को शाम सात बजे से एक बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में प्रमुख दरबार साहिब अमृतसर के भाई सिमरनजीत सिंह, लुधियाना के बलप्रीत सिंह तथा दिल्ली के जसपाल सिंह, मनप्रीत सिंह सहित स्थानीय रागी जत्थे भी कीर्तन करेंगे। कार्यक्रम के तहत महाराजा रणजीत सिंह हाल में गुरु का लंगर होगा। आयोजन में अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील समाज के प्रधान परमजीत सिंह एवं सचिव शम्मी भाटिया ने की है।

---

# सरपंचों ने दी हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- राशि नहीं मिलने से विकास अटका

ग्राम पंचायतों को लगभग 10 माह से 15 वे एवं 16 वे वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सरपंच संघ ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर राशि जारी नहीं होने पर हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में बताय गया कि राशि के अभाव में गांवों में मूलभूत सुविधाओं के कार्य ठप पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों के नियमित संचालन एवं विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता आवश्यक है। लंबे समय से राशि नहीं मिलने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच संघ ने स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह के भीतर पंचायतों के खातों में 15 वें व 16वें वित्त की राशि जमा नहीं किया जाता है तो समस्त सरपंच हड़ताल करने बाध्य होंगे। ज्ञापन पर उर्मिला मंडावी, कविता मंडावी, अंजली पड़ोती, महेश्वरी यादव, पितांबर सिन्हा, ओमप्रकाश लिल्हारे, रामलाल टाण्डेकर एवं सुरेश सहित अन्य के हस्ताक्षर हैं।



# बिजली कर्मचारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ने लंबित मांगों के निराकरण को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि प्रबंधन द्वारा समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

महासंघ द्वारा जारी पत्र के अनुसार आंदोलन के द्वितीय चरण में आगामी एक से 10 जनवरी तक वर्क टू रूल किया जाएगा। मांगें पूरी नहीं होने पर आगामी 11 फरवरी से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल की जाएगी। इससे पहले 15 दिसंबर को कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था।



**प्रबंधन को चेतावनी**

महासंघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष सचिव लखन सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूरी में किया जा रहा है। समय रहते ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन उग्र होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान लखन सिंग कुशवाहा, राकेश खरे, सुनील देवांगन, योगेश लिल्हारे, हेमंत मेश्राम, खेमचंद धनकर, मनीष साहू, वीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

**यह हैं मुख्य मांगें**

महासंघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में कर्मचारियों की 23 प्रमुख मांगें शामिल हैं, जिसमें पुरानी पेंशन योजना, लंबित वेतनवृद्धि एवं पदोन्नति आदेश जारी करना, तकनीकी कर्मचारियों को 30 प्रतिशतत तकनीकी भत्ता, रिक्त पदों पर भर्ती एवं सभी पदों का री-स्ट्रक्चरिंग करना, आउटसोर्स ठेका कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं समान लाभ, कन्वेयंस अलाउंस को महंगाई भत्ते से लिंक करना, लिपिक वर्ग को कंप्यूटर प्रोत्साहन भत्ता, सी-ऑफ सुविधा, भू-विस्थापित कर्मचारियों को वेतन पुनरीक्षण का एरियर भुगतान करना शामिल है।

---

# संगोष्ठी में समस्या और समाधान पर चर्चा

- चिंतक पुष्कर कुलश्रेष्ठ ने धर्मस्थलों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में सर्व हिन्दू संगठन, विभिन्न समाजों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम से पहले प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने विभिन्न धार्मिक स्थलों में पहुंचकर दर्शन किया। उन्होंने सबसे पहले गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों से भेंट किया। बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध, बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात मां बम्लेश्वरी देवी की पूजा कर आशीर्वाद लिया। चंद्रगिरी पहुंचकर भगवान की आरती की तथा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल का दर्शन किया। छिरपानी में आयोजित राष्ट्र चिंतन संगोष्ठी का शुभारंभ पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नो आना, विवेक गुप्ता और ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया।

श्री कुलश्रेष्ठ ने राष्ट्र के समक्ष खड़ी सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और नागरिक दायित्व जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखते हुए इनके व्यावहारिक समाधान भी सुझाए। कार्यक्रम में पवन डागा, प्रकाश यादव, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, तरुण हथेल, किरण वैष्णव, किरण साहू, राजेश शर्मा, कुशाल चावड़ा, हंसराज साहू, गोपाल खेमका, प्रफुल्ल चावड़ा, नंदूराम साहू, अरुण गुप्ता, सुदीप अग्रवाल, अंकित खंडेलवाल, दौलत महोबिया, गुरुविंदर सिंह, रमेश ठाकुर, हेमंत साहू, जैनकुमार मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, जेके जैन, सिद्धू गोपाल नरेडी सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन निखिल जैन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में हनी गुप्ता, जिज्ञासु टांक, बालमुकुंद तराने, डॉ. प्रभजन सिंह, डॉ. मुकुंद मोहन साहू, शुभम परिहार, ऋषभ डकाहा और हिमांशु गुप्ता का



# पाप नाशनी है भागवत कथा : गांधी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- माथलडबरी में भक्तिमय आयोजन

निकटवर्ती ग्राम माथलडबरी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम के राजू देवांगन , राजकुमारी देवांगन तथा ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से किया गया। कथा महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित होकर श्री मदभागवत के प्रसंगों का श्रवण कर रहे हैं।

भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। इस भक्तिमय आयोजन में गत दिनों पूर्व जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने शामिल होकर कथा का रस पान किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि भागवत कथा मनुष्यों के मन को शुद्ध कर पापों का नाश करती है। यह कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूर्ण करती है। इस अवसर पर हवन और पूजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य किरण साहू, जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ौती तथा ग्रामवासी शामिल हुए।

---

## बच्चों की प्रस्तुति को पालकों ने सराहा, मेधावी बच्चों का आयोजन में हुआ सम्मान

# वार्षिकोत्सव में दिखी स्कूली बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में वार्षिकोत्सव उड़ान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत शैक्षणिक स्टॉफ ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस दौरान इंजी. नीरज बाजपेयी ने उत्सव की परिभाषा बताते हुए वार्षिकोत्सव को संस्था का बड़ा एवं महत्त्वपूर्ण आयोजन कहा। उन्होंने कहा कि अध्ययन के साथ विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा को वार्षिकोत्सव में एक बड़ा मंच मिलता है। एक्जिक्यूटिव डायेरक्टर ष्पा बाजपेयी ने सहयोग के लिए पालकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उक्त मौके पर नर्सरी, केजी वन एवं केजी टू के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। देवा श्रीगणेशा, फेमिली थीम, मोबाइल थीम और बॉलीवुड ओल्ड फन सांग की प्रस्तुति में दर्शकों ने भरपूर तालियाँ बजाई। कक्षा एक से बारहवीं तक के बच्चों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति दी। कृष्णलीला, सेव वाटर, साउथ इंडियन डांस, संबलपुरी डाँस, जोगुवा डाँस, सावित्री बाई फूले, करेले की सगाई' आदि प्रस्तुतियों से दर्शक बंधे रहे। वीभत्सरस नृत्य रूपक के जरिए छात्राओं ने रोमांचक प्रस्तुति से दर्शकों को डर का अहसास कराया। कम्यूनिटी हेल्पर्स, छावा, पेनोरमा आफ इंडियन फेस्टिवल्स, भोजपुरी मिक्स, व्यथा द्रौपदी की, ट्रिब्यूट टू बॉलीवुड लिजेण्ड्स आकर्षण का केन्द्र रहे।



**अनपढ़ नेता ने किया मनोरंजन**

इस मौके पर एकाकी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत अनपढ़ नेता ने दर्शकों को पेट पकडकर हँसने मजबूर कर दिया। वार्षिकोत्सव में शिक्षा सत्र 2023-24 एवं 2024-25 की दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम आनेवाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। ख्यातिश्री यदु की स्मृति में दिया जानेवाला विशेष सम्मान इस वर्ष कक्षा पांचवी की दीप्ति महेला को मिला। अंत में आभार प्रदर्शन हेड गर्ल अवनी पाण्डे व हेड ब्वॉय हिमांशु जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा एवं चंदन द्विवेदी के मार्गदर्शन में बच्चों ने किया।



**केन्द्रीय विद्यालय में रंगारंग आयोजन**

**डोंगरगढ़।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में स्थापना दिवस एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन गत दिनों किया गया। प्राचार्य एसआर कुजूर ने वार्षिक प्रतिवेदन में शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षा परिणाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, नवाचारों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर ऋषभ यादव, नेहरू कालेज की प्राचार्य डॉ. रेवती, शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**छात्रों का सम्मान**

समारोह के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं विज्ञान-वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग चंदेल, यशिका डडसेना एवं विभा जैन को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जम्बूरी में सहभागिता के लिए सुजल वर्मा एवं रिया ठाकुर को सम्मानित किया गया। कंप्यूटर गतिविधियों में विद्यासेतु अंतर्गत जोनलस्तर के प्रतिभागी आदित्य हिरवानी, संकेत साहू, उन्नति बोरकर नयन साहू एवं आर्चीकर एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त 56 हजार की प्रोत्साहन राशि मिलने पर विद्यालय परिवार ने बधाई दी। सम्मान के क्रम में शिक्षक संतोष कुमार केएस, दीपक चंद्राकर, प्रकाशचंद सैनी, मोहनलाल मीना, सुन्दरलाल चिखले एवं श्वेता सिंह को भी सम्मानित किया गया। अंत में वसीम खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## खबर संक्षेप



### 20 को शहादत दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** मुड़ा क्षेत्र सिंगपुर एवं जिला गोंड महासभा राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश में सिंगपुर स्कूल ग्राउंड के पास 20 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। विशेष अतिथि नीलकंठ गढ़े, सीताराम ठाकुर, कोमल सिंह राजपूत शामिल होंगे। कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए नीलकंठ गढ़े के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय में जितेंद्र पटौदी, चोवा मंडावी, गुरुदेव पटौदी, नौकेश पटौदी, सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर शामिल हुए।

### लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित का शहादत दिवस 20 को



**राजनांदगांव।** शहीद लेफ्टिनेंट अरविंद शंकर दीक्षित का शहादत दिवस 20 दिसंबर को अपरान्ह 3.30 बजे कस्तूरबा महिला मंडल के हॉल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कान्यकुब्ज सभा एवं कैडेट क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रगान होगा। तत्पश्चात शहीद लेफ्टिनेंट अरविंद शंकर दीक्षित के तैलचित्र पर छत्तीसगढ़ पुलिस एवं 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट की ओर से पुष्पचक्र अर्पित किया जाएगा। साथ ही सलामी दी जाएगी। कार्यक्रम में 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट के सूबेदार डीबी वाखरे एवं हवलदार गिरी गजानन अधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान प्रार्थनासभा, जीवन परिचय एवं अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सेना व पुलिस द्वारा शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## निधन

### कलादेवी राजपूत



**राजनांदगांव।** ग्राम सोमनी निवासी कलादेवी राजपूत का मंगलवार को निधन हो गया। वे जिले की सबसे अधिक वर्ष 116 वर्ष की महिला थी। वे भरत सिंह, शत्रुघ्न सिंह, शेषनारायण सिंह, चंद्रकांत सिंह (अन्नू), मोहन सिंह, रमन सिंह राजपूत की बड़ी मां थी। मंगलवार शाम 4 बजे उनके गृह निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। सोमनी स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

---

### जिले के बड़े इलाके में खनन गतिविधियों की तेज रफ्तार

# संभावना, संकट के बीच घिरा इलाका पर्यावरण और गांवों की बढ़ रही चिंता

## तीन बड़े खनिज ब्लॉक नीलामी और आवंटन की प्रक्रिया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले का एक बड़ा इलाका इन दिनों खनन गतिविधियों की तेज रफ्तार के साथ-साथ पर्यावरणीय चिंताओं और स्थानीय विरोध के कारण चर्चा में है। नचनिया, भाजीडोंगरी और जगमड़वा, हनईबन, मरदकठेरा ये तीन बड़े खनिज ब्लॉक नीलामी और आवंटन की प्रक्रिया पार कर अब आगे बढ़ चुके हैं। लौह अयस्क और चूना पत्थर का समृद्ध भंडार इस इलाके को औद्योगिक निवेश के लिए आकर्षक बना रहा है, लेकिन लगातार खनन की बढ़ती संभावना पर्यावरणीय संतुलन, जल संकट और ग्रामीण जीवन पर गहरा असर डालने की आशंका भी बढ़ा रहा है।

### रोजी-रोटी के साथ जीवन का जोखिम भी बढ़ा

विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यह पूरा बेल्ट खनन क्षमता के लिहाज से बेहद समृद्ध है, लेकिन इसकी कीमत पर्यावरण और सामाजिक संरचना को नहीं चुकानी चाहिए। खनन परियोजनाओं को केवल रोजगार और उद्योग के नाम पर आगे बढ़ाना, बिना वैज्ञानिक आकलन, पर्यावरणीय सुरक्षा और ग्रामसभा की सहमति के आने वाले सालों में जल जीवन पर बड़ा संकट खड़ा कर सकता है। फिलहाल छत्तीसगढ़ के सबसे सक्रिय खनिज हॉटस्पॉट बन चुके जिले के इस इलाके में रोजी-रोटी रोजगार की संभावना बढ़ी है, पर जोखिम भी उतना ही गंभीर है। खनन से विकास तो संभव है, लेकिन तभी जब यह विकास प्रकृति, संसाधनों और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की कीमत पर न हो अन्यथा श्री सीमेंट प्रकरण की तरह यहां भी संघर्षों और विरोधों का दौर लंबा चल सकता है।

### पर्यावरण पर मंडराया खतरा

नचनिया आयरन ओर ब्लॉक में 3.93 मिलियन टन और भाजीडोंगरी में 2.07 मिलियन टन अयस्क का भंडार दर्ज है। दोनों ब्लॉकों का सर्वे कार्य निजी कंपनियों को सौंपा जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि अभी केवल सर्वे की अनुमति है, खनन नहीं। दोनों ब्लॉक घने वन क्षेत्र में आते हैं, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि यहां खनन शुरू होने की स्थिति में जंगलों का कटाव, जंगली जीवों पर असर और भूजल स्तर में गिरावट जैसी गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियां सामने आ सकती है। इसी तरह जगमड़वा, हनाईबन, मरदकठेरा चूना पत्थर ब्लॉक, जहां 52.74 मिलियन टन का विशाल भंडार है, भविष्य में बड़े औद्योगिक निवेश को आकर्षित कर सकता है। यह ब्लॉक वनभूमि रहित जरूर है, लेकिन बड़े पैमाने पर चूना पत्थर खनन स्थानीय जल स्रोतों और कृषि पर दीर्घकालीन प्रभाव डाल सकता है।

### क्षेत्र में विकास की संभावनाएं

खनन और उद्योगों के विस्तार से रोजगार, राजस्व और बुनियादी ढ़ांचे में वृद्धि की उम्मीद है। जिला खनिज अधिकारी भी मानते हैं कि ये ब्लॉक क्षेत्र को खनिज-आधारित औद्योगिक हब बना सकते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उद्योगों का विकास पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय संसाधनों और ग्रामीणों की सहमति को ध्यान में रखे बिना होता है, तो यह विकास असंतुलित हो जाएगा। इन खनन परियोजनाओं में तेजी उसी समय हो रही है, जब छुईखदान और आसपास के गांव सीमेंट की प्रस्तावित माइंस और फैक्ट्री के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध कर चुके हैं। ग्रामीणों ने जलस्रोतों के खत्म होने, धूल प्रदूषण बढ़ने, कृषि पर नुकसान और संभावित विस्थापन को लेकर अपनी गहरी चिंता जताई थी। लोगों का कहना है कि यदि नई खनन परियोजनाएं बिना पारदर्शिता और ग्रामसभा की सहमति के आगे बढ़ती है, तो यहां भी श्री सीमेंट जैसी स्थिति बन सकती है। ग्रामीणों को डर है कि बढ़ती खनन गतिविधियां जल संकट को और गहरा कर देगी। जबकि जंगलों पर दबाव बढ़ने से वनाधारित जीवन और आजीविका खतरे में पड़ सकती है।

---

# पल्स पोलियो अभियान जिला टॉस्क फोर्स की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस अंतर्गत पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर व अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा, कार्ययोजना और अंतरविभागीय समन्वय से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर को किया जाएगा। जिसमें 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस बच्चों को पोलियो बूथों पर दवा पिलाई जाएगी। जबकि 22 व 23 दिसंबर 25 को मॉप-अप दिवस के रूप में घर-घर भ्रमण कर शेष बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिले में कुल 53,344 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें खैरागढ़ विकासखंड के 27 हजार 325 और छुईखदान विकासखंड के 26 हजार 019 बच्चे शामिल हैं। बैठक में विकासखंडवार अभियान के क्रियान्वयन को लेकर कार्ययोजना, कार्यप्रणाली व तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करते संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पोलियो बूथ आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं पंचायत भवनों में स्थापित किया जाएगा।

---

# युकां के पूर्व जिलाध्यक्ष परिहार को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह परिहार के असमय निधन पर कांग्रेस परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने परिहार के व्यक्तित्व कृतित्व को याद करते कहा कि श्री परिहार द्वारा युवक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में किए गए कार्य युवाओं के लिए, वहीं राजपूत समाज के नेतृत्वकर्ता के रूप सहित शहर के सामाजिक संगठनों में उनकी सेवाभाव अनुकरणीय है। उनके निधन से शहर ने एक जनसेवक व समाजसेवी को खो दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि श्री परिहार के कार्य हमारे लिए प्रेरणादाई है।

श्री परिहार के असमय निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, हर्षिता बघेल, गिरीश देवांगन, श्रीकिशन खंडेलवाल, नवाज़ खान, कुलबीर छाबड़ा, पदम कोठारी, हेमा देशमुख, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, दिनेश शर्मा, मेहुल मारू, अशोक फडनवीस, हनी ग्रेवाल, पंकज बांधव, अनीश खान, मुन्ना भाई, हेमू सोनी सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी श्री परिहार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# रूसे जलाशय में 5 साल बाद दुर्लभ स्टेपे गल की दस्तक

- जैव विविधता को मिला अंतर्राष्ट्रीय महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



मैकल पर्वत श्रृंखला से घिरे खैरागढ़ के जंगलों ने एक बार फिर अपनी समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण दिया है। करीब पांच वर्षों के अंतराल के बाद ब्लॉक के रूसे जलाशय में दुर्लभ प्रवासी पक्षी स्टेपे गल की मौजूदगी दर्ज की गई है। पक्षी विज्ञानी प्रतीक ठाकुर ने इसे अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया है। पक्षी विज्ञानी और विशेषज्ञों द्वारा इसकी पहचान की पुष्टि के बाद यह घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

स्टेपे गल मूल रूप से पूर्वी यूरोप, दक्षिणी रूस और मध्य एशिया की स्टेपी क्षेत्रों में प्रजनन करता है। सर्दियों के मौसम में यह हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया तक पहुंचता है। भारत में इसकी उपस्थिति अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है और यह भी अधिकतर समुद्री तटों तक सीमित रहती है। ऐसे में छत्तीसगढ़ जैसे आंतरिक वन क्षेत्र के रूसे जलाशय में इसका दिखना वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी प्रवासी गल का आंतरिक भू-भाग के जलाशय में ठहरना इस बात का संकेत होता है कि वहां जल गुणवत्ता, भोजन उपलब्धता और प्राकृतिक शांति का संतुलन बना हुआ है। यही कारण है कि स्टेपे गल जैसे संवेदनशील प्रवासी पक्षी इस क्षेत्र को अस्थायी आश्रय के रूप में चुन रहे हैं।

### दुर्लभ पक्षियों की नियमित उपस्थिति

रूसे जलाशय पहले से ही अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता रहा है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां हर वर्ष कॉमन क्रेन जैसे दुर्लभ पक्षियों की नियमित उपस्थिति दर्ज होती है। इसके अलावा जलपक्षियों और प्रवासी पक्षियों की कई प्रजातियां यहां देखी जाती रही है, जो खैरागढ़ को पक्षी विज्ञान के मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि स्टेपे गल की मौजूदगी इस बात की पुष्टि करती है कि रूसे जलाशय अब केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रवासी और संभावित रूप से संकटग्रस्त पक्षियों के लिए सुरक्षित ठिकाने के रूप में विकसित हो रहा है। यदि इस क्षेत्र में अवैध शिकार, अतिक्रमण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा गया, तो खैरागढ़ भविष्य में मध्य भारत के प्रमुख पक्षी क्षेत्रों में शामिल हो सकता है। विशेषज्ञ यह भी सुझाव दे रहे हैं कि संरक्षण को प्राथमिकता में रखते यहां बर्ड टूरिज्म की संभावनाओं को विकसित किया जाए। इससे न सिर्फ जैव विविधता के संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और पर्यावरणीय जागरूकता को भी बढ़ावा मिलेगा। रूसे जलाशय में स्टेपे गल की यह दुर्लभ उपस्थिति यह संदेश है कि यदि प्रकृति को संरक्षण और सम्मान दिया जाए, तो वह स्वयं अपनी पहचान और समृद्धि लौटाकर देती है।

---

# 17 को जंतर-मंतर में शिवसेना का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- हिंदू राष्ट्र व गौ-हत्या बंद करने की मांग

शिवसेना द्वारा देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर 17 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। शिवसेना के प्रदेश सचिव कमल सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल होंगे। कमल सोनी ने कहा कि दंतेवाड़ा से राजधानी रायपुर तक चार दिवसीय हिंदू राष्ट्र मोर्चा के सफल आयोजन के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन को आगे बढ़ाते दिल्ली में प्रदर्शन किया जा रहा है। शिवसेना द्वारा प्रदेशभर में हिंदू राष्ट्र, गौ-रक्षा, गौ-हत्या बंद करने और गौमाता को राजमाता घोषित करने की मांग को लेकर लाखों की संख्या में महाहस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। साथ ही गांव-गांव स्थित गौठानों को गौशाला में परिवर्तित कर वहां दो कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की जा रही है।

### कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील

प्रदेश सचिव ने बताया कि शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में हिंदू राष्ट्र, गौ-रक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व में भी जंतर-मंतर पर धरना दिया जा चुका है। 17 दिसंबर को होने वाले महा धरने में समान नागरिक संहिता लागू करने, सीएए-एनआरसी देशभर में लागू करने, जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने, धार्मिक स्थलों के दुरूपयोग पर सख्त कार्रवाई, मदरसों को मिलने वाली सरकारी व विदेशी सहायता बंद करने, दंगाइयों पर कठोर दंड, कानून-व्यवस्था के लिए केंद्र को विशेष अधिकार, कश्मीर में बसाहट को प्रोत्साहन, नागरिकों को हथियार लाइसेंस, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण और पेट्रोलियम उत्पादों पर कर समाप्त करने जैसी मांगें प्रमुख रहेगी। शिवसेना जिला प्रमुख आकाश सोनी ने बताया कि जिले व ब्लॉक तथा विधानसभा स्तर के पदाधिकारी चंद्रेश बघेल, संजय सरपे, मुकेश साहू, नीलकंठ यादव, संजय यादव, थरवेतन साहू, हरेंद्र मालेकर सहित सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# ईश्वरलाल मिश्र की स्मृति में संगीत विवि में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पं. ईश्वरलाल मिश्र की स्मृति में इंदिरा कला संगीत विवि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद आईसीसीआर व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली उत्तर क्षेत्र क्षेत्रीय निदेशक के अय्यनार उपस्थित थे।

कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि गुरुओं के प्रति निष्ठा के साथ कड़ी तपस्या के चलते विद्यार्थी बहुत कुछ प्राप्त कर रहे हैं। देश के अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में विवि का कोई न कोई चीज जरूर मिलता है। आईसीसीआर के साथ मिलकर कार्य करने के साथ उन्होंने शासन-प्रशासन से बेहतर सहयोग मिलने की जानकारी दी। क्षेत्रीय निदेशक उत्तर क्षेत्र के अय्यनार ने कहा कि क्षेत्रीय निदेशक का कार्यभार संभालने के बाद छत्तीसगढ़ में उनका पहला कार्यक्रम तबला वादक पं. ईश्वर लाल मिश्र को समर्पित है। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के लिए विवि को अवसर देने पर आभार जताया। इससे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा व राजकुमारी इंदिरा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. मंगलानंद झा और डॉ. चैन सिंह नागवंशी के सहयोग से लिखित पुस्तक संग्रहालय आज, कल और आज का विमोचन किया गया। इसके बाद रामकृष्ण पटेल ने महान तबला वादक व बनारस घराने के प्रतिनिधि कलाकार पं. ईश्वरलाल मिश्र का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया।

### कथक नृत्य ने मोहा मन

कार्यक्रम में उस्ताद जौहर अली नई दिल्ली ने राग मधुवंती सहित विभिन्न रागों पर बेला वादन किया। कई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके उस्ताद जौहर अली ने एक ही धुन को अलग-अलग देशों के अंदाज में बजाया। जिसने खूब तालियां बटोरी। ग्वालियर से पहुंचे प्रो. भगवान दास माणिक ने ताल तीन ताल में विशिष्ट बंदिश, नवरस रचना, रस पंचानन, नाग राग, शट कद, कुमकुम, पंच राग, घुमड़ बादल, शंख ध्वनि, अमृत ध्वनि, मधुकरी, सुरंग व हस्त शिखर सहित विभिन्न रागों पर कथक की प्रस्तुति दी। डॉ. मानव दास महंत ने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। डॉ. लिकेश्वर वर्मा व डॉ. कौस्तुभ रंजन ने संचालन किया। इस अवसर पर सेनि. प्रो. डॉ.मुकुंद नारायण भाले, अधिष्ठाता प्रो. नमन दत्त, आयोजन समिति सदस्य डॉ. जितेश गढ़पायले, संदीप किंडो, सहा.प्रा. सुशांत दास, डॉ. छगेंद्र उसेंडी सहित शिक्षकगण, संगतकारगण, अधिकारी-कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बाबा गुरु घासीदास जयंती पर आज आयोजन



**जालबांधा।** ग्राम शेरगढ़ में बाबा गुरुघासीदास की 269 जयंती के अवसर पर पंथी नृत्य स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर 17 दिसंबर को संस्कृतिक कार्यक्रम संस्था लोकरंजनी किरण भारती स्टार नाइट पामगढ़ जिला जांजगीरचांपा वाले का कार्यक्रम एवं 18 दिसंबर को ग्राम में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पंथी नृत्य गुरु बालकदास अखाड़ा पार्टी एवं डीजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण कर प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त अवसर पर दोपहर तीन बजे से रात्रि 8 बजे तक छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच दिल की सुवना भजन संध्या ग्राम भलेसर जिला महासमुंद वाले का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए रवि गहने ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और आयोजन का लुत्फ उठाने की अपील की है।

### 31 तक पुनः ई-केवायसी कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र लाभान्वित हितग्राहियों को 31 दिसम्बर तक संबंधित बैंक के माध्यम से पुनः ई-केवायसी कराने कहा गया है।

---

## गौ सेवा और प्राकृतिक कृषि का दिया संदेश

# मनोहर गौशाला मंदिर में पंचकल्याणक पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मनोहर गौशाला में रविवार को प्रभु पाश्वर्नाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ गौशाला स्थित मंदिर में पारस पंचकल्याणक पूजा कराई गई।

इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. विवेक त्रिपाठी ने कहा कि कृषि विवि के सहयोग से मनोहर गौशाला में गोमूत्र व गोबर आधारित अनुसंधान को आगे बढ़ाया जा रहा है। जिससे 35 से 40 प्रतिशत तक रसायनिक उर्वरकों की




बचत संभव हो रही है। यह पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक कृषि की दिशा में सराहनीय है। गौशाला ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने बताया कि पंचकल्याणक पूजा का सौभाग्य श्री अलौकिक पारस पद्मावती मंडल को प्राप्त हुआ। जिनके सानिध्य में समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया।

गौरतलब है कि गौशाला द्वारा लगातार 12 सालों से जीव दया गोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौ भक्तजन व संत आशीर्वाद देने पहुंचते हैं। इस दौरान आयोजित जीव दया गोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विसेसर पटेल, विशेष अतिथि संगीत विवि कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार सदस्य सुनील मानसिंगा, समाजसेवी मोहनचंद बैद ओमप्रकाश बरलोटा, जीतो कोलकाता के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, समाजसेवी महेंद्र धारीवाल, राजेंद्र डाकलिया मौजूद थे।

### पूर्व एसपी बंसल को दिया गौसेवा रत्न

गौशाला द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला गौसेवा रत्न अलंकरण इस वर्ष पूर्व एसपी आईपीएस त्रिलोक बंसल को उनकी निरंतर गौसेवा, सेवा अणुव्रत व अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भक्ति रस से परिपूर्ण भजन संध्या में जैनम डाकलिया ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रायपुर से करीब 500 तीर्थयात्रियों के साथ बरलोटा परिवार की सहभागिता रही। कार्यक्रम संचालन गगन बरड़िया ने किया।

### युवा उत्सव आज

**राजनांदगांव।** युवाओं में छुपी सांस्कृतिक कला को मंच प्रदान कर सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर को शहर के डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से आयोजित विखं स्तरीय युवा उत्सव में 14 विद्यालयों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तक और संगतकारों की आयु 18 से 40 वर्ष तक होगी। लोक नृत्य, लोकगीत, पंथी नृत्य, राउत नाचा, कर्मा, सुवा नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


हरिभूमि 24th YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
आदरणीय
मान. सचिन बघेल जी को
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजनांदगांव का
पुन: अध्यक्ष
बनाए जाने पर
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएँ
मा. भरत वर्मा
उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केन्दीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
मा. सचिन बघेल
अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्दीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
पदभार ग्रहण समारोह
दिनांक : 17/12/2025 बुधवार, समय : प्रात: 10 बजे
स्थान : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
- शुभेच्छु -
हरप्रसाद वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति अतरिया
जितेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मड़ौदा
लाला राम वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रगरा
नरेश कुर्रे
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति भोरमपुर कला
रामकुमार जोशी
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति डोकराभाठा
पूरन वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति उदयपुर
फिरन वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति जालबांधा


हरिभूमि
24th
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
बधाई
बधाई
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
मूलचंद लोधी
महेन्द्र वैष्णव
सुनील रामटेके
शशांक दास
सोनू वर्मा

## सार समाचार

### दिल्ली पहुंचे नीलू, राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय



कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। श्री शर्मा ने उन्हें नवदायित्व की शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता संगठन के शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। नितिन नबीन की सांगठनिक क्षमता और सरल स्वभाव प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। छत्तीसगढ़ में संगठन के प्रभारी रहते हुए उन्होंने पार्टी के चुनावों में शानदार जीत दिलाई है, निश्चित ही उनके नेतृत्व में संगठन और सशक्त होगा।

### मां जीण भवानी का दो दिवसीय महोत्सव 3 से

**राजनांदगांव।** श्री जीण माता सेवा समिति के तत्वावधान में मां जीण शक्ति मंगल पाठ का दो दिवसीय भव्य आयोजन 03 एवं 04 जनवरी को जीणधाम उदयाचल प्रांगण में आयोजित है।

नवम दो दिवसीय मां जीण भवानी महोत्सव 03 एवं 04 जनवरी को धूमधाम से संपन्न किए जाने व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के अनुसार 03 जनवरी को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा श्री सत्यनारायण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीजीणधाम उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी।

मुख्य आयोजन 04 जनवरी को दोपहर 02 बजे से मां जीण शक्ति मंगल पाठ आयोजित है। मंगल पाठ का वाचन मां जीण भवानी की अनन्य सेवक अमरावती निवासी संगीता खंडेलवाल द्वारा किया जाएगा। जीणधाम उदयाचल प्रांगण में मां जीण भवानी का भव्य अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी, 56 भोग लगाया जाएगा तथा मंगल पाठ के दौरान मेहंदी उत्सव, चुनरी उत्सव एवं गजरा उत्सव विशेष आकर्षण के केंद्र होंगे। मंगलपाठ के दौरान सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### भारत माता की आरती आयोजित



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा जमातपारा बस्ती में भारत माता की आरती संपन्न की गई। इस अवसर पर देव कुमार निर्वाणी व अरूण भास्कर गुप्ता ने संबोधित किया और भारत माता की आरती के महत्व के बारे में बताया। भारत माता पूजन समिति का गठन प्रतिदिन आरती करने के लिए किया गया। कलश यात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं के नाम को सूचीबद्ध किया गया। हिंदू सम्मेलन की जानकारी दी गई। देव कुमार निर्वाणी, अनिल नागवंशी, मनोज निर्वाणी, लता यादव, भगवान झा, गोपी कृष्ण झा शामिल है।

# करंट में फंसी मादा तेंदुआ, अंधविश्वास और लालच में नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वन मंडल में मादा तेंदुए की मौत का मामला अब पूरी तरह साफ हो गया है। इस पूरे मामले की सबसे बड़ी बात यह है कि वन विभाग ने महज 24 घंटे के भीतर घटना से जुड़ी हर कड़ी जोड़ते हुए पूरे गिरोह को बेनकाब कर दिया। जांच में सामने आया है कि कुछ लोगों ने जंगल में बिजली के तार लगाकर जानवर पकड़ने का जाल बिछा रखा था। बताया जा रहा है कि यह जाल किसी और वन्य प्राणी के शिकार के लिए लगाया गया था, लेकिन उसी में एक मादा तेंदुआ फँस गई।

करंट लगने से तेंदुआ बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद जो हुआ, वह बेहद डराने वाला है। आरोपियों ने तेंदुए को मरता छोड़ने के बजाय उस पर लाठी-डंडों से लगातार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वे उसके चारों पंजे और चार दांत काटकर ले गए और शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए। मामले मे वन विभाग ने ब्लॉक के दैहान निवासी डोमन लाल वर्मा, चंदू राम वर्मा, हेमचंद वर्मा, दीपक यादव, फ़िरोज़ निषाद, कचरू यादव और भगवती वर्मा को गिरफ्तार किया है।

## 24 घंटे के भीतर वन विभाग ने खोला पूरा राज, सात आरोपी गिरफ्तार

### पंजे और दांत बरामद

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आ गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय अमला, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल और डॉग स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुँची। पूछताछ और जांच के बाद पूरे गिरोह की पहचान कर ली गई। आरोपियों की निशानदेही पर बिजली के तार, लाठी-डंडे, धारदार हथियार और तेंदुए के गायब पंजे व दांत भी बरामद कर लिए गए। वन विभाग ने नियमों के अनुसार तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार किया। सभी जरूरी सैंपल सुरक्षित रखे गए हैं। मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।







### जादू टोना के चक्कर में तेंदुए की हत्या

जांच के दौरान एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में से एक व्यक्ति जादू-टोना करता था। इसी वजह से आशंका जताई जा रही है कि तेंदुए की हत्या के पीछे अंधविश्वास भी एक बड़ा कारण हो सकता है। ग्रामीण इलाकों में आज भी कुछ लोग वन्य प्राणियों के अंगों को तंत्र-मंत्र से जोड़कर देखते हैं।

## जिले के छात्रावासों में आरटीआई लगाकर ली रकम, थाना में शिकायत

# अधीक्षकों से 4 लाख की ब्लैकमेलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सूचना के अधिकार के नाम पर अवैध वसूली करने का गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस संबंध में जिलेभर के छात्रावास अधीक्षकों ने मोहला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें एक महिला की आड़ में चार लाख रुपए की वसूली करने का आरोप लगाया गया है।

मोहला थाना में दी गई शिकायत के अनुसार खैरागढ़ निवासी एक महिला ने जिले के समस्त छात्रावासों से 29 अगस्त 2025 एवं 10 अक्टूबर 2025 को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई थी। इसके पश्चात सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा 24 सितंबर एवं 11 नवंबर को पत्र जारी कर छात्रावास अधीक्षकों को आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय में अवलोकन हेतु उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

अधीक्षकों का आरोप है कि अवलोकन के दौरान संबंधित महिला द्वारा जानबूझकर त्रुटियां निकाली गई और उन्हें प्रशासकीय कार्रवाई, कलेक्टर व उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी दी गई। शिकायत में कहा गया है कि धमकी से भयभीत होकर जब अधीक्षकों ने मामले को शांतिपूर्वक समाप्त करने का अनुरोध किया, तो कथित रूप से उनसे पैसों की मांग की गई।

आरोप है कि पैसे नहीं देने की स्थिति में शिकायत कर कार्रवाई करने की धमकी दी गई। जिससे दबाव में आकर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के हॉस्टल अधीक्षक तथा आश्रम अधीक्षिकाओं ने नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से राशि का भुगतान किया। शिकायत के मुताबिक कुल मिलाकर लगभग 4 लाख रुपए कार्रवाई के डर से जिलेभर के अधीक्षकों ने रुपए दिया।





### घूम-घूमकर की गई वसूली

जानकारी के मुताबिक जिलेभर के 84 हॉस्टल आश्रमों की सूची बनाकर सूचना के अधिकार लगाने के बाद मोहला-मानपुर हॉस्टल आश्रम अधीक्षकों से तीन-तीन हजार तथा अंबागढ़ चौकी विकासखंड के अधीक्षकों से दस हजार, पांच हजार, तीन हजार, दो हजार रुपए की वसूली की गई।

### कार्रवाई के डर से दिया रकम

रकम लेने के आरोपों से घिरी महिला के संबंध में बताया गया कि शिष्यावृति राशि 15 प्रतिशत का बिल वाउचर, दशहरा, दीपावली, शीतकालीन सत्र का बचत राशि, क्रय-विक्रय , 85 प्रतिशत शिष्य राशि का बिल वाउचर सूचना के अधिकार पर मांगा गया था। सहायक आयुक्त कार्यालय में अवलोकन के दौरान जब जिलेभर के हॉस्टल आश्रम अधीक्षकों के समक्ष खामियां गिनाई गई तो वे शिकायत कार्रवाई के डर में खैरागढ़ निवासी विजयालक्ष्मी तथा कन्हैयालाल करवड़े नामक व्यक्ति के मोबाइल फोन पर एक के बाद एक हॉस्टल आश्रम अधीक्षकों ने रुपए ट्रांसफर किए।

### एक माह बाद शिकायत

दूसरी ओर शिकायत करने में अधीक्षकों को महीनेभर की देरी क्यों हुई? क्या हॉस्टल अधीक्षकों ने किसी तरह का भर्राशाही किए हुए थे? अगर किसी तरह की गड़बड़ी नहीं थी तो डर में रुपए क्यों दिए गए, क्या जिलेभर के हॉस्टल आश्रम में गड़बड़ी चल रही है, जिस पर आंख बंद कर दिया गया है। मांग उठ रही है कि प्रशासन द्वारा संबंधित जिलेभर के छात्रावास आश्रमों के रिकॉर्ड की पड़ताल छात्रावासी बच्चों का कथन इस रिश्वतकांड की जांच के साथ-साथ अधीक्षकों की भी भूमिका की जांच भी होनी चाहिए।

### जांच जारी

इस मामले की शिकायत अधीक्षकों द्वारा की गई है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**कपिल चंद्रा,** टीआई

## किसानों को सोसाइटी में धान टोकन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव भानपुरी सोसायटी पहुंचकर किसानों के साथ उनकी समस्याएं सुनी और विस्तृत चर्चा की। धान बिक्री में ऑनलाइन-ऑफलाइन टोकन रकबा कटौती एवं सर्वर डाउन जैसी समस्याओं से किसान टोकन के लिए सोसाइटी के चक्कर लगाकर परेशान है।

श्री वैष्णव ने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बकाया किसानों की चौथी किस्त की राशि एवं केन्द्र द्वारा बढ़ाए गए दर की भुगतान किया जाए एवं रकबा में सुधार कर किसानों को लाभ पहुंचाया जाए।

शासन द्वारा निर्धारित मापदंड की प्रतिपालन कर किसानों के हित में कार्य करें, किसी प्रकार किसानों को धान बिक्री में परेशान ना किया जाए।सोसायटी से धान का उठाव एवं धान खरीदी की मात्रा (क्विंटल) को बढ़ाया जाए। जिससे किसानों को धान बिक्री में तेजी आ सके तथा किसानों को लाभ हो सके। श्री वैष्णव ने कहा कि किसानों को धान बिक्री का टोकन सोसाइटी में देने की मांग शासन से की है।

# विजय दिवस पर शहर में निकाली भव्य रैली

**राजनांदगांव।** वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान महज 13 दिन में ही पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर भारतीय सेना ने फतह हासिल की थी। इस युद्ध में भारत के विजयी की 54वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज वीर शहीदों को नमन करने और जवानों के शौर्य एवं साहस को सलामी देने के लिए देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के गौरव स्थल में भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव भी शामिल हुए। उन्होंने भारत माता के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण करते मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों की शहदत को नमन किया।

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा वर्ष 1971 के युद्ध में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को इस आयोजन के दौरान नमन किया गया और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस आयोजन को लेकर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि भारत पाकिस्तान के इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।



### सांस्कृतिक आयोजन

पाकिस्तान पर भारत के इस विजय दिवस को मनाने के लिए गांधी सभागृह में देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिक भगवान सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरन 1971 के युद्ध में शामिल रहे राजनांदगांव के भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान किया गया।

### भारत को मिली ऐतिहासिक विजयी

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा विजय दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रमों में शामिल होते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को ऐतिहासिक विजयी मिली थी। इस विजयी के चलते ही बांग्लोदश पाकिस्तान से मुक्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। इस युद्ध में भारत के जिन वीर सैनिकों ने अपनी शहादत दी, हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं।

## भाजपा प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के सह प्रभारी बने गोस्वामी

**मोहला।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी का दायित्व गुलाब गोस्वामी को सौपा है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है।गुलाब गोस्वामी लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहते हुए भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करते आ रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



नियुक्ति के बाद गुलाब गोस्वामी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पिछड़ा वर्ग समाज के हितों की रक्षा, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**आवश्यकता है**
पेट्रोल पंप में काम करने के लिए युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है. वेतन चार अंकों पर.
- संपर्क करें -
उरई डबरी, तुमरीबोड़, चिचोला
Mo. 77480-80000

## मोहला में हिंदू सम्मेलन आज

**मोहला।** भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाने तथा समग्र हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से ग्राम मोहला में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन के माध्यम से हिंदुओं को संगठित कर तथा उनमें ऊर्जा चेतना एवं आध्यात्मिक शक्ति का जागरण करने यह हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति के संयोजक गजेंद्र पुरामे, मदनलाल यादव, नूतन साहू, सावित्री नेताम, संरक्षक लाल लक्ष्मेंद्र शाह, अमर सिंह ठाकुर, नारायण खंडेलवाल, संजय जैन, खोरबाहराराम यादव सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि 17 दिसंबर को दोपहर ग्राम मोहला के दशहरा मैदान में इस सम्मेलन का आयोजन सुबह 9 बजे हवन पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसके उपरांत 10 बजे कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर पुनः दशहरा मैदान में विसर्जित होगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से संकीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रबोधन और प्रवचन के साथ समापन सत्र संपन्न होगा।

कार्यक्रम में संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी, बाल भगवताचार्य शुभम कृष्ण महराज, दीदी तृप्ति वैष्णव व अन्य प्रबुद्धजनों का सानिध्य प्राप्त होगा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह मध्य क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही संत समाज के विद्वतजन, मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न समाज प्रमुखों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन को लेकर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025



### दिग्विजय कॉलेज प्रबंधन की सामने आई बड़ी लापरवाही

# परीक्षा देने पहुंचे बच्चों को करना पड़ा पौन घंटे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सबसे बड़ी ऑटोनॉमस कॉलेज दिग्विजय महाविद्यालय में प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। प्रबंधन ने बच्चों के अनुसार प्रश्नपत्र ही नहीं छपवाए थे, प्रबंधन की लापरवाही के चलते परीक्षा देने पहुंचे लगभग दो सौ बच्चों को पौन घंटे अधिक इंतजार करना पड़ गया। वहीं जानकारी सामने आने के बाद जवाबदेही अफसर जिम्मेदारी से बचते नजर आए।

मिली जानकारी के अनुसार दिग्विजय महाविद्यालय में तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की जा रही है। मंगलवार को भी बी. कॉम क्लास की वीएसी की परीक्षा होनी थी। जिसको देने के लिए सुबह से ही बच्चे पहुंच गए थे, लेकिन परीक्षा केंद्र पहुंचते ही उन्हें पता चला कि बच्चों के अनुसार प्रश्न पत्र ही प्रबंधन के पास नहीं थे। ऐसे में प्रबंधन ने आनन-फानन में जितने प्रश्न पत्र थे, उतने बच्चों को केंद्र में बैठाया और परीक्षा शुरू कर दी। शेष बच्चों को लगभग पौन घंटे तक इंतजार करना पड़ गया। प्रबंधन ने अपने स्तर पर परीक्षा पत्र को प्रिंट कराने भेजा। जिसके बाद परीक्षा ली गई।

**परीक्षा देने पहुंचे 30% से अधिक को करना पड़ा इंतजार**



#### अंतिम समय तक फार्म भरने से दिक्कतें

प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा से ठीक पहले तक फार्म भरने का क्रम जारी रहा। बताया गया कि कई बच्चों ने 8 दिसंबर से परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले ही फार्म भरे। जिसके चलते परीक्षा के दौरान छात्रों की सही संख्या प्रबंधन को नहीं पता चल पाई। जिसके चलते मंगलवार को प्रश्न पत्र कम होने की दिक्कत सामने आई।

#### आनन-फानन में छपवाए प्रश्न पत्र

बताया गया कॉलेज प्रबंधन हर विषय का प्रश्न पत्र पहले से ही तय एजेंसी के जरिये छपवा लेता है, लेकिन मंगलवार को प्रश्न पत्र कम पड़ने के बाद आनन-फानन में स्थानीय स्तर पर डेढ़ सौ प्रश्न पत्र की प्रिंटिंग कराकर बच्चों को उपलब्ध कराया गया।

#### छात्र संघ ने कहाः जिम्मेदारी हो तय

इधर इस मामले के सामने आने के बाद प्रबंधन की लापरवाही को लेकर छात्र संघ ने भी मोर्चा खोल दिया है। छात्र संघ में एनएसयूआई शहर अध्यक्ष राजा यादव ने कहा कि प्रबंधन जब परीक्षा की फीस लेती है, तब ही यह देख लेना चाहिए कि कौन से विषय में कितने छात्र हैं। उस अनुसार ही परीक्षा की तैयारी होनी चाहिए, लेकिन परीक्षा के दिन ऐसी लापरवाही प्रबंधन की कमजोरी को दर्शाता है। प्रबंधन को इस लापरवाही के मामले में जवाबदेही तय करना चाहिए। वहीं छात्र संघ ने यह भी बताया कि परीक्षा देने के लिए पहुंच रहे विद्यार्थियों को टेबल-कुर्सी भी सही तरीके से उपलब्ध कराने में दिग्विजय कॉलेज प्रबंधन फेल रहा है।

#### परीक्षार्थियों को 45 मिनट का अधिक समय दिया


प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बी-कॉम तीसरे सेमेस्टर के तहत परीक्षा देने पहुंचे उन परीक्षार्थियों को अधिक समय दिया गया, जिन्हें प्रश्न पत्र देर से दिया गया था। बताया गया कि लगभग पौने दो सौ बच्चे ऐसे थे। जिनके लिए प्रश्न पत्र अलग से प्रिंट कराना पड़ा। ऐसे में इन बच्चों को तय समय से 45 मिनट का अधिक समय परीक्षा देने के लिए मिला। वहीं शेष छात्र जिन्हें पहले ही प्रश्न पत्र मिल गया था, उनको तय समय पर ही परीक्षा ली गई।

## अवैध रूप से शराब परिवहन, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले के खिलाफ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 15 दिसंबर की रात्रि में चिखली पुलिस व सायबर सेल की टीम द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर दीनदयाल कालोनी रोड पानी टंकी के पास घेराबंदी कर आरोपी रितेश रजक 34 साल पुराना ढाबा को पकड़ा। **70 पौवा देशी प्लेन बरामद :** आरोपी के कब्जे से 70 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती 5600 रुपए एवं बाइक को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत साक्ष्य सबूत पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।






**0 राजनांदगांव।** शहर के चिखली ओवरब्रिज में भारी वाहनों के दबाव के चलते लगातार डिवाईडर टूट रहे है। चिखली की ओर से शहर की ओर आने वाला डिवाईडर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी वजह से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

**माय एंगल**




## सचिन फिर बने बैंक अध्यक्ष वर्मा को उपाध्यक्ष का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पद फिर से सचिन बघेल को मनोनीत कर दिया गया है। वहीं प्रदेश महामंत्री रह चुके भरत वर्मा को बैंक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञात हो कि पिछले 12 अक्टूबर को ही सचिन बघेल का कार्यकाल समाप्त हुआ था।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के करीबन आधा दर्जन जिला सहकारी बैंकों में अध्यक्ष पद रिक्त थे, जिस पर अब शासन ने मनोनयन करते हुए नेताओं की पोस्टिंग कर दी है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए नेता अब आज पदस्थापना ग्रहण करेंगे।

#### पहले भी साथ काम कर चुकी ये जोड़ी

यह पहली बार नहीं है, जब किसी संस्था में सचिन बघेल और भरत वर्मा साथ काम करने वाले हैं। इससे पहले भी दो दशक पूर्व जिला पंचायत में यह जोड़ी काम कर चुकी है। उस दौरान भरत वर्मा जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं सचिन बघेल उपाध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

ज्ञात हो कि सचिन बघेल इससे पहले वर्ष 2016 में निर्वाचित होकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष बने थे, लेकिन 2018 में सरकार बदलने के बाद तत्कालीन सरकार ने बॉडी को भंग कर दिया था। जिसके बाद 2023 में दोबारा सरकार बदलने पर कोर्ट के आदेश पर सचिन बघेल ने अपना शेष 19 महीने का कार्यकाल पूरा किया था। अब दोबारा अध्यक्ष बनाए गए।

## अशांति फैलाने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गाली-गलौज कर अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 16 दिसंबर को शीतलापारा राजू किराना दुकान के पास शंकरपुर अपने पिता व पत्नी को गाली-गलौज व वाद-विवाद कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर तरूण वर्मा 24 साल को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## डोंगरगांव को मिला नगर पालिका का दर्जा

**शासन ने दी सौगात, राजपत्र में प्रकाशन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा डोंगरगांव नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिया गया है। आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। नगर पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाली सीमाएं अब नगर पालिका क्षेत्र होगी।



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय से जारी अधिसूचना में वर्ष दो 2011 की जनसंख्या 14693 अनुसार डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा दिया गया है। इसको लेकर राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की गई है। इधर डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद राजनीतिक दलों और नगर के लोगों द्वारा पटाखे फोड़कर इस अधिसूचना का स्वागत किया गया। नगर पालिका डोंगरगांव के अंतर्गत फिलहाल नगर पंचायत की सीमाएं ही आएगी। शासन द्वारा जारी आदेश में नगर पंचायत की सीमा क्षेत्र को ही नगर पालिका क्षेत्र घोषित किया गया।

#### विकास में आएगी तेजी

डोंगरगांव को नगर पालिका का दर्जा मिलने से यहां विकास के कार्यों में तेजी आएगी। वहीं 15 वार्ड वाला डोंगरगांव नगर पंचायत में पालिका बनने के बाद नए परिसीमन के साथ 24 वार्ड हो जाएंगे। वहीं लंबे समय से डोंगरगांव को नगर पालिका बनाने की मांग भी की जा रही थी।

#### लंबे समय से थी मांग, नेताओं ने जताया आभार

डोंगरगांव नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने की पिछले लंबे अरसे से मांग की जा रही थी। डोंगरगांव के भाजपा नेताओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी इस आशय का आग्रह किया था। सूत्रों ने बताया कि पूर्व सीएम के प्रयासों से राज्य शासन ने इस आशय का आदेश राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है। आदेश के जारी होते ही डोंगरगांव में खुशी का माहौल है। भाजपा नेताओं ने सीएम विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।



हरिभूमि
24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



**सीताराम साहू**
जिला संयोजक
शिक्षा प्रकोष्ठ कबीरधाम

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



**मिनाक्षी आसकरण धुर्वे**
जनपद सदस्य कवर्धा

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दायित्व व कर्त्तव्य होता है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### नित नये आयाम गढ़ते गया





**श्रीमती गंगा बाई साहू**
**लोकचंद साहू**
जिला पंचायत सदस्य
कबीरधाम

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



**विष्णु चन्द्रवंशी**
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति
मर्यादित मोहगांव

भले ही आज का इण्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारें ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्त्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### सुबह की चाय हरिभूमि के साथ



**दानेश्वर सिंह परिहार**
समाज सेवी कवर्धा

प्रतिदिन अखबार खोलते हरिभूमि अखबार लेकर पढ़ना शुरू करता हूं और सुबह की चाय के साथ समाचारों की जानकारी से तरोताजा होना विगत 24 वर्षों से आदत हो गई है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### प्रदेश को नई पहचान दी



**नरेश वर्मा**
सब.इंजिनियर बोड़ला (RES)

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसासन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा



**रविकुमार साहू**
अनुविभागीय अधिकारी
सहसपुर लोहारा (RES)

हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### वह कड़ी है जो इंसान को पूरी दुनिया से जोड़ती है



**हेमंत ठाकुर**
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति मर्यादित बचेड़ी

न्यूज जिसे समाचार भी कहा जाता है. यह वह कड़ी है, जो इंसान को पूरी दुनिया से जोड़ती है जब हम देश विदेश की खबरे सुनते है तो हम भी विश्व का अंग हो जाते है, समाचार के माध्यम से लोग अपनी इच्छा, विरोध और आलोचना प्रकट करते है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### छत्तीसगढ़ी भाषा को दी आवाज़

हरिभूमि अखबार ने हमेशा छत्तीसगढ़ी भाषा को चौपाल के रूप में प्रकाशित करते रहा है, हरिभूमि अपने चौपाल परिशिष्ठ के माध्यम से ही छत्तीसगढ़ी भाषा को नई दिशा दिया, छत्तीसगढ़ में हमारे अखबार के चौपाल परिशिष्ठ को छत्तीसगढ़ की जनता ने बहुत पंसद किया।



**डॉ. संतोष कुमार साहू**
अध्यक्ष क्लब सदस्य (वेल्थ मैनेजर)
मुख्य जीवन बीमा सलाहकार M.D.R.T(U.S.A.)



**संदीप साहू**
करोड़पति अभिकर्ता MDRT (USA)



हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### प्रिटिंग क्वालिटी से समझौता नहीं



**संतोष पटेल**
जिला महामंत्री भाजपा
कबीरधाम

प्रिटिंग क्वालिटी को हमेशा ही हरिभूमि बेहतर रखता है, शुरू से अब तक पेपर क्वालिटी पर विशेष ध्यान रखा जाता है, जिससे हम पाठकों को अखबार में बेहतर से बेहतर क्वालिटी प्राप्त हो सकें।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### जब खबर से पोल है खुलती



**निर्मल साहू**
पटवारी
संभाग अध्यक्ष (दुर्ग संभाग)

जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### महिलाओं को नई दिशा मिली



**प्रदीप चन्द्राकर**
पटवारी

समाज को बेहतर बनाने के लिए महिलाओं को ही प्रयास करना होगा। उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, महिलाओं को हरिभूमि अपने सहेली प्ररिशिष्ठ के माध्यम से महिलाओ को नई दिशा मिल रही है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



**ईश्वरी धुर्वे**
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
युवामोर्चा

शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्थिति को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### हमारी जिन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



**सुदर्शन कुम्भकार**
सभापति
जनपंद पंचायत स. लोहारा

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक, बाल भूमि



**रामकुमार धुर्वे**
पटवारी

प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सकें।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### न्यूज़पेपर जिसका नाम है, यह जानकारी का भंडार है



**मनोज खरे**
पटवारी

आजकल, समाचार पत्र जीवन की एक आवश्यकता बन गया है। यह बाजार में लगभग सभी भाषाओं में उपलब्ध होता है। यह हमें खेल, नीतियों, धर्म, समाज, अर्थव्यवस्था, फिल्म उद्योग, फिल्म (चलचित्र), भोजन, रोजगार आदि के बारे में बिल्कुल सटीक जानकारी देता है।

हरिभूमि की 24 वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

**हरिभूमि परिवार कवर्धा की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर सभी पाठकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष संघर्ष, संकल्प व समग्र विकास की स्वर्णिम यात्रा

**हरिभूमि कवर्धा।** 1 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में उभरा। मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने इस राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में न केवल अपनी पहचान गढ़ी, बल्कि विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के कई नए प्रतिमान भी स्थापित किए। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर, आदिवासी संस्कृति से समृद्ध और कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की यह यात्रा चुनौतियों से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धियों तक पहुंची है। राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ के सामने अनेक समस्याएं थीं, कमजोर अधोसंरचना, सीमित औद्योगिक आधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की चुनौती। ग्रामीण और आदिवासी बहुल अंचलों में सड़क, बिजली, पानी और प्रशासनिक पहुंच का अभाव स्पष्ट था। ऐसे में शुरुआती वर्षों में सरकार का प्रमुख लक्ष्य मजबूत प्रशासनिक ढांचा खड़ा करना और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रहा। नई राजधानी नवा रायपुर (अटल नगर) की परिकल्पना, जिलों और तहसीलों का पुनर्गठन, पंचायत और नगरीय निकायों को सशक्त बनाना, इन प्रयासों ने विकास की नींव रखी। विकेंद्रीकरण के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया।

### आज शौर्य भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कबीरधाम के राज्य शासन के समस्त पेंशनर्स को सूचित किया गया है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बुधवार 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कवर्धा स्थित ठाकुर समाज के शौर्य भवन में आयोजित होगा। आयोजकों ने जिले के सभी पेंशनर साथियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान पेंशनरों से संबंधित विभिन्न लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही पेंशनर साथियों से यह भी निवेदन किया गया है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की व्यक्तिगत या सामूहिक समस्या है, तो वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, ताकि उनके निराकरण के लिए उचित पहल की जा सके। आयोजन समिति ने विश्वास जताया है कि पेंशनर्स दिवस के इस आयोजन से पेंशनर हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा।

### ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत छुरिया के सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य टैक्स जमा कराने क्यूआर कोड जारी किया गया है। ग्रामीण क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से अपना अनिवार्य टैक्स जमा कर रहे हैं। ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा से ग्रामीण उत्साहित है। डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया से टैक्स वसूली सरल हुआ है। जिससे टैक्स कलेक्शन में इजाफा हुआ है।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
धारा 6 ( 2 ) देखिए

**सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक / 9900 / प्रस्तुतकार / 2025
कबीरधाम, दिनांक 15/12/2025

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक वर कौशल कुमार सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी आयु 29 वर्ष मूल निवासी वार्ड क्रमांक 08 मोतिमपुर, तहसील - पण्डरिया, जिला - कबीरधाम एवं वधु उर्मिला पिता बसंत कौशिक आयु 29 वर्ष मूल निवासी वार्ड क्र. 15 कुंदरू पारा बालोद, तहसील व जिला बालोद दोनों के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अनुष्ठापिता आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति / दावा करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 14.01.2025 के पूर्व या सूचना प्रकाशन की तिथि के एक मास कलैण्डर या तीस दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी ।



मुहर

जिला विवाह अधिकारी
कबीरधाम


### कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

# जिले के विकास कार्यों को गति देने कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं सहित जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री जनमन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सर्व एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लाभान्वित हितग्राहियों का विस्तृत सत्यापन तथा संबंधित बैंकों के माध्यम से ई-केवायसी की स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों की जानकारी का शत-प्रतिशत, सटीक एवं समयबद्ध तरीके से प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अपडेट में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र भूमिहीन कृषि मजदूर तक बिना किसी बाधा के पहुंचे और कोई भी हितग्राही लाभ से वंचित न रह जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में चल रहे आवास निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से बारी-बारी से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होने जिला शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि छात्रों को शैक्षणिक योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ मिल सके।

**धान खरीदी व उठाव कार्य पर कलेक्टर की कड़ी नजर**



**धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश**

कलेक्टर श्री वर्मा ने धान खरीदी व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने धान उठाव की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि खरीदी केंद्रों में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को सौर ऊर्जा संयंत्रों के इंस्टॉलेशन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन एवं गौवंश संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आम नागरिकों को पैरा दान हेतु निरंतर प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में गौधाम प्रारंभ किए जा रहे हैं, जहां किसान एवं आमजन सीधे जाकर पैरा दान कर सकते हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग पैरा दान के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि पैरा दान से गौधामों में संरक्षित पशुओं के लिए चारे की समुचित व्यवस्था होगी।




# घुघरीकला में ग्रामीण मंडल प्रीमियर लीग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रीमियर लींग (केपीएल) कवर्धा ग्रामीण मंडल का शुभारंभ ग्राम पंचायत घुघरीकला खेल मैदान में रामकुमार भट्ट पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सभापति जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री भट्ट ने प्रतिभागी क्रिकेट खिलाड़ियों से परिचय कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

उक्त अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने कहा की उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष पहल पर कवर्धा विधानसभा के सातों मण्डल में कवर्धा प्रीमियर लींग (केपीएल) का आयोजन किया जा रहा है, निश्चित रूप से यह युवा वर्ग के क्रिकेट प्रेमियों के लिए अपनी खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर है। सातों मण्डल में आयोजित होने वाले मैचों से चयनित टीमों से सेमी फाइनल और विधानसभा स्तर पर फाइनल मैंच का मुकाबला होगा। श्री भट्ट ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा को इस सराहनीय पहल पर आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

उक्त प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहित नाथ योगी मण्डल महामंत्री, मिथलेश बंजारें जनपद सदस्य प्रतिनिधि, बिरझू पटेल सोसायटी अध्यक्ष, मनीराम साहू भाजयूमो अध्यक्ष, सरपंच दानीराम चंद्रवंशी, राजकुमार जांगड़े सरपंच प्रतिनिधि, जगेश्वर पटेल, रामकुमार पटेल सहित ग्राम पंचायत घुघरीकला के आयोजक मंडल, क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि व भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थें।

# छग मानवाधिकार ने फटे-पोस्टर को लेकर शासन-प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

### ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों 10 दिसंबर विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर छग मानवाधिकार संघ द्वारा शहर के रानी दुर्गावती चौक में लगाए गए बधाई एवं शुभकामनाएं पोस्टर लगाया गया था, जिसे किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़ दिया गया, जिससे पूरे संघ में नाराजगी व्याप्त है। इस घटना को लेकर छग मानवाधिकार ब्यूरो जिला कबीरधाम ने कड़ी निंदा व विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। मिली जानकारी के अनुसार संघ द्वारा 9 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस (10 दिसंबर) के अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई देने हेतु विधिवत अनुमति के साथ शहर के रानी दुर्गावती चौक पर एक सप्ताह के लिए पोस्टर लगाया गया था, जिसे एक ही दिन बाद 10 दिसंबर की मध्यरात्रि में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने फाड़ दिया। सुबह पोस्टर क्षतिग्रस्त अवस्था में मिलने पर संघ के सदस्यों में आक्रोश व्याप्त हो गया। जिस पर जिला अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे ने कहा कि विश्व मानव अधिकार दिवस जैसे संवैधानिक और जागरूकता से जुड़े अवसर पर लगाए गए पोस्टर को फाड़ना न केवल असामाजिक कृत्य है, बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 19 में प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की लिखित शिकायत-ज्ञापन जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी एवं नगर पालिका प्रशासन को सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही साथ कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में संघ द्वारा भविष्य में हर संभव कड़ी से कड़ी संवैधानिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान संघ के सदस्य सोहन जायसवाल, सतीश कुमार पटेल सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**ज्ञापन सौंपकर संस्था ने मांग की**

छग मानवाधिकार संघ ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसी टीवी कैमरों की नियमित निगरानी हो, समय-समय पर सीसी टीवी कैमरों का मेंटेनेंस किया जाए, विधिवत लगाए गए पोस्टर-बैनरों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए, रात्रिकालीन पुलिस पेट्रोलिंग सुदृढ़ किया जाए, प्रत्येक नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई हैं।

# सोनिया और राहुल गांधी को न्याय, नेशनल हेराल्ड केस मामले में जीतः नवीन जायसवाल

- अदालत के फैसले से संविधान और लोकतंत्र मजबूत हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



आखिरकार सत्य की जीत हुई है और मोदी सरकार की गलत नीयत तथा राजनीतिक दबाव में की गई कार्यवाही आज पूरी तरह सामने आ गई है। माननीय अदालत ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही को अवैध और दुर्भावना से प्रेरित माना है। यह फैसला केवल कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं बल्कि देश के संविधान, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था के लिए भी एक बड़ी जीत है। इस निर्णय ने यह साफ कर दिया है कि सत्ता के बल पर सच को दबाया नहीं जा सकता और कानून से ऊपर कोई नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार लंबे समय से केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग राजनीतिक हथियार की तरह कर रही है, ताकि विपक्षी नेताओं को डराया जा सके और उनकी आवाज को दबाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा के खिलाफ कोई सवाल उठाता है, तो उसे झूठे आरोपों और जांच के डर से चुप कराने की कोशिश की जाती है, लेकिन कांग्रेस कभी डरने वाली नहीं है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता शेर है, न कभी डरा है, न कभी झुका है और न ही कभी झुकेगा। नवीन जायसवाल ने कहा कि यह फैसला देश की जनता को सोचने और समझने का मौका देता है कि किस तरह भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने भाजपा को वॉशिंग मशीन पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपा की राजनीति दोहरे मापदंडों पर चलती है, जहां अपने लोगों के लिए एक नियम और विपक्ष के लिए दूसरा नियम अपनाया जाता है। यही कारण है कि देश में आज सवाल उठ रहे हैं कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र हैं या बीजेपी सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान और कानून का सम्मान किया है और आगे भी करती रहेगी। राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने देश की जनता के हक के लिए संघर्ष किया है और इसी कारण वे सत्ता की आंखों में खटकते हैं।

**कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और देश की जनता की रक्षा के लिए हर संघर्ष को तैयार हैः जायसवाल**

नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि डर और दबाव की राजनीति से लोकतंत्र नहीं चलता। जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह सच्चाई को पहचानने लगी है। अदालत के इस फैसले ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ की गई कार्यवाही पूरी तरह राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सच के रास्ते पर चलती रहेगी और हर मंच पर जनता के मुद्दों को उठाती रहेगी। भाजपा चाहे जितनी कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। आज का यह फैसला उन सभी लोगों के लिए संदेश है जो सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ खड़े हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और देश की जनता की रक्षा के लिए हर संघर्ष को तैयार है और यह लड़ाई अंतिम जीत तक जारी रहेगी। अंत में उन्होंने कहा कि सच को परेशान किया जा सकता है, लेकिन हराया नहीं जा सकता, और आज एक बार फिर यह बात साबित हो गई है।

## चखना सेंटरों पर कब होगी कार्रवाई?

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय शराब दुकान दशरंगपुर के आसपास सड़क किनारे संचालित चखना सेंटरो पर अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। इन चखना दुकानों के कारण सड़क पर वाहन अस्त-व्यस्त खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है। यही सड़क छोटे खंडसरा, बड़े खंडसरा, लिटीपुर, विसनपुरा व बिरनपुर जैसे गांवों से आने-जाने वाले विद्यार्थियों का मुख्य मार्ग है। इन गांवों के बालक-बालिकाएं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में अध्ययन करने आते हैं। चखना सेंटरो पर शराब के नशे में धुत लोगों द्वारा गाली-गलौज व झगड़े आम हो गए हैं, जिससे छात्राओं को खासतौर पर असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी बड़ी घटना से पहले प्रशासन को चखना सेंटरो को अन्यत्र स्थानांतरित करना चाहिए। इस संबंध में ग्राम पंचायत दशरंगपुर के सरपंच तारकेश्वर मरकाम ने बताया कि स्कूली बच्चे स्वयं उनसे मिलकर चखना सेंटरो को सड़क से हटाने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या के समाधान के लिए पहल की जाएगी।

### जनहित में किसान व युवाओं को रोजगार के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रश्न किया

# विधायक ने विधानसभा क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, कौशल विकास, युवाओं को रोजगार व किसानों को ट्रैक्टर खरीदी के अनुदान राशि का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



गत दिनों रविवार को छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई। सत्र के दूसरे दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जनहित, किसान व युवाओं को रोजगार के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रश्न किया। इस दौरान उन्होंने पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में विद्युत विहीन ग्रामों, युवाओं के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण एवं रोजगार और किसानों को ट्रैक्टर खरीदी हेतु अनुदान राशि के आवंटन का प्रश्न किया।

पंडरिया विधानसभा के विकास और जनता की प्रमुख मांगों एवं सुविधाओं के लिए क्षेत्र एवं विधानसभा में लगातार भावना बोहरा सक्रीय रहती हैं और मुखरता से विषयों को सदन के समक्ष रखती हैं, ताकि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित एवं प्रभावी रूप से हो सके।

श्रीमती भावना बोहरा प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम तीनगडडा, पकरीपानी, माराडबरा, अंजवाइनवाह, सरहापथरा, अमीधा, जखनाडीह, छिन्दीडीह, सेजाडीह में विद्युत आपूर्ति किस माध्यम से की जा रही है? इन ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतू क्रेडा विभाग (सोलर ऑफ ग्रिड ऑन ग्रिड सिस्टम) या विद्युत विभाग द्वारा क्या कोई विशेष योजना या कार्ययोजना तैयार की गई है? तो उसकी अद्यतन स्थिति एवं पूर्ण क्रियान्वयन की संभावित समय-सीमा क्या तय की गई है? के विषय में जानकारी मांगी। जिसके लिखित प्रतिउत्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत उल्लेखित गांव सघन वन क्षेत्र में होने के कारण आफग्रिड सोलर होम लाईट के माध्यम से विद्युतीकृत है। इन ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु क्रेडा विभाग (सोलर ऑफ ग्रिड/ऑन ग्रिड सिस्टम) या विद्युत वितरण कंपनी (परापंरागत ग्रिड) द्वारा वर्तमान में कोई विशेष कार्ययोजना तैयार नहीं की गई है। उन्होने प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार के लिए प्रश्न किया कि देश में कौशल विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान रैंकिंग क्या है? राज्य में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना तथा सीएसएसडीए सहित अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियां क्या हैं? विगत तीन वित्तीय वर्षों में प्रशिक्षित युवाओं की संख्या एवं रोजगार-प्लेसमेंट प्राप्त युवाओं की संख्या क्या है? कौशल विकास अवसंरचना आईटीआईएस-वीटीपीएस-पीएमकेके केंद्रों) पाठ्यक्रम गुणवत्ता तथा निगरानी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए विभाग द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे है? राज्य में संचालित आईटीआई, पीएमकेके एवं निजी वीटीपी केंद्रों की उपलब्ध क्षमता वर्तमान मांग के अनुरूप है या नहीं? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में कौशल विकास के क्षेत्र में राज्यों की रैंकिंग का निर्धारण नहीं किया जाता है।

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वर्तमान में कौशल विकास कार्यक्रम संचालित हैं। वर्तमान स्थिति (वित्तीय वर्ष 2025-26) में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना केन्द्र शासन को 6000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य प्रेषित किया गया है। जिस पर केन्द्र शासन से स्वीकृति अपेक्षित है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना प्रशिक्षण लक्ष्य 23085 के विरुद्ध 13,481 प्रशिक्षण उपलब्धि (6588 प्रशिक्षित एवं 6893 युवा प्रशिक्षणरत) है। विगत तीन वित्तीय वर्षो (वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश में कुल 3326 युवा एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश में कुल 14633 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है और 9981 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। कौशल विकास अवसंरचना, पाठ्यक्रम गुणवत्ता तथा निगरानी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए विभाग द्वारा राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) आधारित कोर्स में प्रशिक्षण, एनएसक्यूएफ कोर्स के अनुरूप निर्धारित अधोसंरचना की उपलब्धता के आधार पर आवेदित संस्था का वीटीपी पंजीयन, प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षको की फेस आधारित बायोमेट्रिक डिवाईस के माध्यम से ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज की जाती है, प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तर पर सहायक संचालक, कौशल विकास द्वारा भौतिक रूप से सतत निरीक्षण, जिला स्तर पर सीसीटीवी के माध्यम से प्रशिक्षण की निगरानी की जाती है। उपलब्ध समस्त 342 केंद्र (वीटीपी) सक्रिय हैं। प्रशिक्षण हेतु कोई भी केंद्र गैर सक्रिय-संसाधनहीन नहीं है।

# रबेली में महाविद्यालय घोषणा के बाद क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम रबेली मे गृहमंत्री व डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा वर्तमान में ग्राम रबेली में महाविद्यालय की घोषणा किया गया, यहां छात्र-छात्राओं की मांग को देखते हुए क्षेत्र के छात्राओं के हित के लिए किया गया है। जिससे ग्राम रबेली के साथ-साथ आसपास क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर, निवारीगुड़ा, कारीमाटी, मोहतराकला, कंझेटा, कुआंमालगी, सोढ़ा, रूसे, कापा व खड़ौदा खुर्द सहित आसपास के रहवासी विद्यार्थियों को महाविद्यालय का लाभ मिलेगा, जिससे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों में भी भारी उत्सव एवं खुशी का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पहले क्षेत्र के विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई के लिए कबीरधाम या पंडरिया महाविद्यालय जाना पड़ता था, लेकिन आर्थिक व अन्य कारणों से क्षेत्र के छात्र छात्राएं शिक्षा से वंचित तथा महाविद्यालय दूर होने के कारण प्राइवेट पढ़ाई-लिखाई तथा कक्षा 12 वीं पास करने के बाद पढ़ाई-लिखाई बंद करना पड़ता था। लेकिन अब ग्राम रबेली में महाविद्यालय की घोषणा होने से आसपास क्षेत्र के विद्यार्थियों को पास मे ही महाविद्यालय खुलने से पढ़ाई लिखाई का लाभ मिलेगा। जिससे छात्र-छात्राओं में भारी खुशी का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम रबेली में महाविद्यालय की सौगात मिलने से अब क्षेत्र के विद्यार्थी गणों को शिक्षा से वंचित नही होगा पड़ेगा साथ ही साथ पढ़ाई लिखाई के क्षेत्र में विस्तार होने से पालक गण, गणमान्य नागरिक तथा छात्र छात्राओं ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

**कार्रवाई :** कबीरधाम पुलिस की मेहनत से आरोपी किया गया गिरफ्तार

# 8 साल पुराने अंधे कत्ल का खुलासा की गई थी 14 वर्षीय बालिका की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्ष 2017 के एक 8 साल पुराने के गंभीर एवं सनसनीखेज हत्या के प्रकरण का सफल खुलासा किया गया है। यह सफलता कबीरधाम पुलिस की निरंतर मेहनत, सूक्ष्म विवेचना, कड़ाई से पूछताछ, मुखबिर तंत्र के सशक्त उपयोग तथा संदेहियों पर लगातार निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस संबंध में जिला पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गत 17 मई 2017 को थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमनिया की 14 वर्षीय बालिका राजबाई गोड़ का शव कोलिहामाड़ा नाला के पास भेलवा पेड़ में उसकी चुनरी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था। प्रारंभिक जांच में मर्ग क्रमांक 11/2017 धारा 174 दंड प्रक्रिया संहिता कायम कर शव पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गला दबाने से दम घुटना पाए जाने पर यह स्पष्ट हुआ कि मामला आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का है। इसके आधार पर 27 मई 2017 को अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 52/2017 धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के पश्चात यह प्रकरण वर्षों तक अंधा कत्ल बना रहा, किंतु वर्ष 2025 में कबीरधाम पुलिस द्वारा पुराने अनसुलझे मामलों की पुनः समीक्षा के दौरान इस प्रकरण को प्राथमिकता पर लेते हुए पुनर्जीवित किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण से जुड़े संदेहियों की पहचान कर उन पर लगातार निगरानी रखी गई, गोपनीय मुखबिर सक्रिय किए गए तथा प्रकरण से जुड़े व्यक्तियों से बार-बार कड़ाई से पूछताछ की गई। इसी सघन प्रयास के दौरान साक्षी लक्ष्मण टेकाम, निवासी ग्राम नेउर, द्वारा घटना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई, जिसे वह भयवश पूर्व में प्रकट नहीं कर सका था। साक्षी का कथन माननीय न्यायालय में धारा 164 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत दर्ज कराया गया, जिससे विवेचना को निर्णायक दिशा प्राप्त हुई। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रमला उर्फ राम धुर्वे से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसमें उसके द्वारा यह बताया गया कि दयाल उर्फ दयालाल बैगा द्वारा मृतिका का गला दबाकर हत्या की गई तथा दोनों के द्वारा मिलकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने के उद्देश्य से शव को उसकी चुनरी से पेड़ पर लटकाया गया। इसके पश्चात आरोपी दयाल उर्फ दयालाल बैगा पिता शोभन सिंह बैगा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम घोघरा, वर्तमान निवासी ग्राम हाथीबुड़ान थाना कुकदूर से कडाई से पूछताछ करने पर उसने भी अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## हत्या की गुत्थी सुलझाने में इनकी रही सराहनीय भूमिका



इस प्रकरण के सफल अनावरण में थाना कुकदूर की पुलिस टीम की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही है। निरीक्षक संग्राम सिंह धुर्वे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सतत फील्डवर्क, निरंतर निगरानी एवं सटीक विवेचना के माध्यम से ठोस साक्ष्य संकलित किए गए। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 262 मनोज कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक 399 संजू झारिया, आरक्षक अजय तिवारी, ईश्वर चंद्रवंशी, आरक्षक 182 पंचम बघेल, आरक्षक 566 रमहूं धुर्वे, आरक्षक 514 अजय कांत, आरक्षक 239 ईश्वर चन्द्रवंशी, डीएसएफ आरक्षक 838 शिव यादव, आरक्षक 311 राजू निषाद तथा महिला आरक्षक 538 राजमती का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सालभर में सुलझाई गई कुल 14 अंधे कत्ल की गुत्थी

गौरतलब है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष के भीतर जिले के पुराने ब्लाइंड मर्डर के कुल 14 मामलों में सफलता अर्जित की गई है, जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी कर प्रकरणों का विधिवत खुलासा किया गया है। इन मामलों में थाना कवर्धा क्षेत्र का चर्चित डॉक्टर दम्पत्ति डबल मर्डर हत्याकांड, थाना तरेगांव एवं थाना पिपरिया के अंधे कत्ल प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्षों से लंबित एवं जटिल अंधे कत्ल प्रकरणों को प्राथमिकता पर लेते हुए एक के बाद एक सफलता प्राप्त की जा रही है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

# भोरमदेव अभयारण में फिर दो बाइसन का शिकार



■ अंधेरगर्दी चौपट राजा की तर्ज पर जिम्मेदार बने सिर्फ तमाशबीन, कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिकारियों के लिए पूरी तरह से शिकारगाह बन चुका जिले का सबसे संरक्षित कहे जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण में एक बार फिर दो बाइसन की मौत का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि इन बाइसन की मौत अभ्यारण क्षेत्र में शिकारियों द्वारा बिछाए गए करंट प्रवाहित जाल की चपेट में आने से हुई है। वन विभाग के आला अधिकारी डीएफओ साहब ने पिछली बार की तरह इस बार भी शिकार की पुष्टि करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरमदेव अभ्यारण के कवर्धा बीट अंतर्गत ग्राम जामपानी में दो बाइसन के शव मिले हैं। जिसकी जानकारी होने के बाद दलबल के साथ मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम अपनी औपचारिकताएं निभाने में जुट गई है। बताया जाता है कि फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है ताकि इस बात का पता लगाया जा सके की बाइसन की मौत कैसे हुई और किसके हाथो हुई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि व्हीआईपी जिले कबीरधाम के अतिसंरक्षित तथा सुरक्षित भोरमदेव अभ्यारण में बीते दो माह के भीतर चार बाइसन की मौत हो चुकी है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि अभी तक शासन-प्रशासन ने किसी भी विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की है और न ही कोई ठोस कार्यवाही की गई। माना जा रहा है कि यही वजह है कि भोरमदेव अभ्यारण शिकारियों के लिए माकूल शिकारगाह बनते जा रहा है और अंधेरगर्दी चौपट राजा की तर्ज पर जिम्मेदार सिर्फ तमाशबीन बने बैठे हैं।

## खबर संक्षेप

### वालीबॉल खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आज

**कवर्धा।** 20 वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर जिला बालक व बालिका बालीबॉल चैम्पियनशिप 25 से 28 दिसंबर तक पंत स्टेडियम सेक्टर-1 भिलाई में होगी। इसमें कबीरधाम जिले के बालक व बालिका टीम भी आमंत्रित है। इस टीम में चयन के लिए बालीबॉल संघ कबीरधाम ने 17 दिसंबर को पुराना पुलिस लाईन स्थित वालीबॉल मैदान में सुबह 9 बजे ट्रायल रखा है। संबंधित खिलाड़ी उपस्थित होकर ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। इसमें 16 सदस्यीय खिलाड़ी का चयन बाद 18 दिसंबर से कैंप लगेगा। वहीं 24 दिसंबर को ये टीम भिलाई के लिए रवाना होगी।

### कृष्णा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बने जिलाध्यक्ष

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के कृष्ण चंद्राकर (कुंडा) को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन की घोषणा से जिलेभर के पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि कृष्ण चंद्राकर के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिले में संगठनात्मक मजबूती के साथ जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह नियुक्ति संगठन को नई ऊर्जा देने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों और आंदोलनों को और गति प्रदान करेगी।

# गन्ना परिवहन कर रहे किसानों के लिए सिरदर्द बनी अंचल की खस्ताहाल सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर भाजपा के नेता अपनी सरकार की उपलब्धियां तो खूब गिना रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाए तो स्थिति जस की तस ही नजर आ रही है। मुख्य रूप से जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की सड़कों की बात की जाए तो जो स्थिति दो साल पूर्व थी वह आज भी है और इसका खामियाजा आज भी क्षेत्र के लोगों के साथ ग्रामीण किसानो को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी इन दिनो गन्ना और धान का परिवहन करने वाले क्षेत्र के किसानो को भुगतनी पड़ रही है। क्षेत्र के किसानो ने बताया कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम रूसे, कापा, भगतपुर, धनेली, भगतपुर, कोलेगांव, सेमरकोना सहित अन्य ग्रामों की सड़के निर्माण एवं



मरम्मत के आभाव में पूरी तरह से जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। स्थिति ये है कि सड़कें जहां तहां से उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। ऐसे में इन सड़कों पर ग्रामीण किसानो के लिए गन्ना और धान की फसल का परिवहन करना लोहे के चने चबाने जैंसा हो रहा है। आलम ये है कि खस्ताहाल और जर्जर सड़कों में कहीं गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट रही है तो कहीं वाहनो के टायर फट रहे अथवा पंचर हो रहे है तो कहीं वाहनो को नुकसान पहुंच रहा है। जिससे किसानो पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। कई बार खस्ताहाल सड़कों के चलते हो रही दुर्घटनाओं में किसानो को अपनी जान भी गवानी पड़ रही है। कुछ किसानो ने इस बात की भी जानकारी दी कि कुछ ग्रामीण मार्ग तो इतने सकरे हैं कि इन मार्गो से अगर गन्ना से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली आमने सामने आ जाएं तो एक ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर ही खाली करना पड़ जाता है तब कहीं जाकर वाहन आगे बढ़ पाते हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने खस्ताहाल और जर्जर सड़कों की इस गंभीर समस्या पर गहरी नाराजगी और असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि अगर वास्तव में भाजपा सरकार ने बीते दो सालों में विकास किया होता तो आज सड़कों की स्थिति ऐसी नहीं होती।

## खेती बनी सम्मानजनक और लाभकारी



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सही मूल्य मिलने से किसान अब खेती को सम्मानजनक और लाभकारी व्यवसाय के रूप में देख रहे हैं। धान की उचित कीमत और सुगम खरीदी व्यवस्था के चलते किसान कृषि कार्यों में पहले से अधिक रुचि दिखा रहे हैं और पूरे उत्साह के साथ खेती कर रहे हैं। इसी सकारात्मक बदलाव का अनुभव ग्राम बिजई के किसान महेश कुमार कोशले ने भी किया है। वे बताते हैं कि इस बार धान जल्दी और आसानी से बिक जाने से उन्हें काफी समय मिल गया है। अब वे शेष समय में मजदूरी एवं अन्य कार्य कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। छोटे किसानों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। महेश कुमार कोशले ने बताया कि इस वर्ष धान बेचने की प्रक्रिया बेहद आसान रही। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के माध्यम से उन्हें घर बैठे ही टोकन मिल गया। धान खरीदी केंद्र में बारदाना, तौल और समुचित प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था होने के कारण उनका 18.40 क्विंटल धान बिना किसी परेशानी के खरीदा गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और किसान-हितैषी रही। उन्होंने इस बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा की गई पहल से किसानों को न केवल उनकी उपज का सही मूल्य मिल रहा है, बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इससे किसान खेती के साथ-साथ अन्य आय के साधनों पर भी ध्यान दे पा रहे हैं।

# अवैध धान भंडारण पर की गई सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में अवैध धान भंडारण एवं अवैध परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अवैध धान भंडारण, कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध नियमित जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में आज तहसील रेंगाखार अंतर्गत राजस्व विभाग, मंडी समिति एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 6 अलग-अलग प्रकरणों में कोचियों द्वारा अवैध रूप से संग्रहित कुल 293 क्विंटल धान जप्त किया गया। जप्त किए गए धान के संबंध में संबंधित व्यक्तियों द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।



# प्रभु श्री बकेला चिंतामणि पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जैन मंदिर पंडरिया में जैन समाज द्वारा 23 वे तीर्थंकर प्रभु पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में पंडरिया के अलावा मुंगेली कवर्धा दुर्ग राजनांदगांव रायपुर के अलावा छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से जैन धर्मावलंबी पहुंचे थे। महोत्सव पर जिन मंदिर पंडरिया में प्रातः 6 बजे से भक्ताम्बर पाठ, गुरु इकतीसा के साथ पूजन पाठ किया गया, रायपुर से पधारी श्रीमती चांदनी बोहरा द्वारा जन्मकल्याणक पूजन भक्ति भाव कराया गया जिसमें समाज के सभी लोगो ने भाग लिया। प्रभु परमात्मा का भव्य वरघोड़ा जुलूस नगर भ्रमण करते हुए समाज के पुरुष बच्चों महिलाओं के साथ मंदिर पहुंचकर श्रीमती ममता लोढ़ा द्वारा प्रभु परमात्मा को पूजने के बाद मंदिर में प्रभु परमात्मा को वंदन किया गया, जैन समाज द्वारा जुलूस में नगर के लोगो को प्रसादी वितरण भी किया गया। जन्मकल्याणक महोत्सव दिवस पर रात्रि में राजनांदगांव से पधारें गुरु भक्त भजन गायक विकास बाफना के भजनों में प्रभु भक्ति में एक से एक भजन गाकर लोगो को नव युवकों को झूमते हुए भक्ति कराया, भक्ति कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि कांतिलाल लोढ़ा-अध्यक्ष जैन समाज मुंगेली, खुशाल टाटिया अध्यक्ष जैन समाज कवर्धा, राजू पारख समाजसेवी रणवीरपुर के साथ भिखमचंद, रावलमल, खुशालचंद जैन के आतिथ्य में भक्ति के साथ महा आरती का लाभ समाज के सभी लोगो ने लिया।



# कांग्रेस का धरना और विरोध प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

केन्द्र की मोदी सरकार पर मनरेगा योजना को बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के संगठन महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी तथा मीडिया प्रभारी जितेन्द्र मानिकपुरी ने संयुक्त रूप से बताया कि भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को पूर्णतः बंद किया जा रहा है। जब की यह देश की सबसे महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना में से एक योजना है। इसे बंद मतलब भाजपा सरकार की मंशा स्पष्ट दिखाई दे रही है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि इन्हें रोजगार गारंटी से कोई तकलीफ नही है इन्हें तकलीफ है तो महात्मा गांधी के नाम से।

जिसकी वजह से योजना बंद की जा रही है। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 दिसम्बर को दोपहर 1:00 बजे सिग्नल चौक कांग्रेस भवन कवर्धा के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों को बताए गए परीक्षा की तैयारी के गुर

# परीक्षा में अच्छे अंक लाने पढ़ने के साथ सही लिखना भी आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा


हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए यह जानना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं में केवल साल भर की पढ़ाई ही सफलता की कुंजी नहीं है, बल्कि उत्तर लिखने का सही तरीका भी उतना ही मायने रखता है। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को अच्छे उत्तर लेखन के लिए बहुमूल्य टिप्स प्रदान किए, जिससे वे परीक्षाओं में अपेक्षित सफलता हासिल कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक बेहतर उत्तर पुस्तिका परीक्षक के सामने आपके व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व करती है और सही तरीके से लिखे गए उत्तर ही अच्छे अंक दिलाते हैं, जबकि इसके अभाव में अपेक्षा के अनुरूप अंक नहीं मिल पाते हैं। महात्मा गांधी के सुंदर लिखावट हाथ का आभूषण है, कथन को दोहराते हुए विद्यार्थियों को लेखन शैली सुधारने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा कक्ष में हमेशा पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें। प्रश्न पत्र मिलते ही सबसे पहला काम सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ना होना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि जिस प्रश्न का जवाब सबसे अच्छे से आता हो, उसे ही सबसे पहले हल करें, भले ही वह प्रश्न पत्र में किसी भी क्रम में दिया गया हो। उत्तर पुस्तिका में उत्तर देते समय प्रश्न क्रमांक को बीच में स्पष्ट रूप से लिखकर काले पेन से अंडरलाइन करना चाहिए। एक प्रश्न का उत्तर समाप्त होने के बाद अगले प्रश्न का उत्तर शुरू करने से पहले दो या तीन लाइनें खाली छोड़ना आवश्यक है ताकि परीक्षक को जांचने में आसानी हो। यदि किसी पृष्ठ पर कोई प्रश्न हल करने के बाद केवल तीन-चार लाइनें ही शेष बची हों, तो अगले प्रश्न का उत्तर हमेशा नए पेज से लिखना चाहिए। उन्होंने विषय की आवश्यकतानुसार पेंसिल से नामांकित चित्र बनाने और उत्तरों को शब्द सीमा के भीतर ही रखने पर जोर दिया। उत्तर पुस्तिका में बांयी ओर पर्याप्त मार्जिन छोड़कर लिखना और दो विकल्पों वाले प्रश्नों में से उसी प्रश्न को चुनना जिसका जवाब अच्छी तरह से आता हो, महत्वपूर्ण बताया गया। प्राचार्य ने इस बात पर विशेष बल दिया कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रश्न को छोडन्ना नहीं चाहिए और सभी प्रश्नों के जवाब जरूर देने चाहिए। यदि लिखते समय कोई गलती हो जाए, तो उसमें ज्यादा कट-पिट करने के बजाय केवल एक सीधी कट खींच देनी चाहिए। जरूरत के अनुसार हेडिंग और बिंदुवार उत्तर देने से उत्तर की गुणवत्ता बढ़ती है। गणित जैसे विषयों के प्रश्नों को हल करते समय सभी छोटे से छोटे स्टेप्स को लिखना जरूरी है ताकि स्टेप-मार्किंग का लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखते हुए पेपर हल करने की जानकारी दिया, ताकि कोई भी प्रश्न छूटने न पाए। पेपर पूरा हल करने के बाद अंत में उत्तर पुस्तिका को एक बार फिर से चेक करना अनिवार्य है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी प्रश्नों के उत्तर लिख दिए गए हैं और प्रश्न क्रमांक सही डाले गए हैं। डॉ. चन्द्रवंशी ने कहा कि यदि परीक्षा में उत्तर लेखन के दौरान इन सभी बातों का ध्यान रखा जाता है, तो विद्यार्थी सभी विषयों में पांच से दस अंक तक अतिरिक्त प्राप्त कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय साइन लैंग्वेज डे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर से 19 दिसंबर तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी, कवर्धा में साइन लैंग्वेज डे का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए रस्सी कूद, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक जैसी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के समापन पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में 05 श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण-यंत्र भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें सुनने एवं सीखने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में देवकुमार कौशिक, अधीक्षक, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी, कवर्धा, श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा, श्रीमती जागेश्वरी चंद्र, राजू महोबिया, शिक्षक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
जनहित के मुद्दों व जनमानस की समस्या को
प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र
हरिभूमि
के स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं
संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
भावना बोहरा
विधायक, पंडरिया विधानसभा
विनीत: समस्त क्षेत्रवासी, पंडरिया विधानसभा

## सार समाचार

### दिल्ली पहुंचे नीलू, राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। श्री शर्मा ने उन्हें नवदायित्व की शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता संगठन के शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। नितिन नबीन की सांगठनिक क्षमता और सरल स्वभाव प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। छत्तीसगढ़ में संगठन के प्रभारी रहते हुए उन्होंने पार्टी के चुनावों में शानदार जीत दिलाई है, निश्चित ही उनके नेतृत्व में संगठन और सशक्त होगा।

### मां जीण भवानी का दो दिवसीय महोत्सव 3 से

**राजनांदगांव।** श्री जीण माता सेवा समिति के तत्वावधान में मां जीण शक्ति मंगल पाठ का दो दिवसीय भव्य आयोजन 03 एवं 04 जनवरी को जीणधाम उदयाचल प्रांगण में आयोजित है।

नवम दो दिवसीय मां जीण भवानी महोत्सव 03 एवं 04 जनवरी को धूमधाम से संपन्न किए जाने व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के अनुसार 03 जनवरी को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा श्री सत्यनारायण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीजीणधाम उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी।

मुख्य आयोजन 04 जनवरी को दोपहर 02 बजे से मां जीण शक्ति मंगल पाठ आयोजित है। मंगल पाठ का वाचन मां जीण भवानी की अनन्य सेवक अमरावती निवासी संगीता खंडेलवाल द्वारा किया जाएगा। जीणधाम उदयाचल प्रांगण में मां जीण भवानी का भव्य अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी, 56 भोग लगाया जाएगा तथा मंगल पाठ के दौरान मेहंदी उत्सव, चुनरी उत्सव एवं गजरा उत्सव विशेष आकर्षण के केंद्र होंगे। मंगलपाठ के दौरान सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### भारत माता की आरती आयोजित



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा जमातपारा बस्ती में भारत माता की आरती संपन्न की गई। इस अवसर पर देव कुमार निर्वाणी व अरूण भास्कर गुप्ता ने संबोधित किया और भारत माता की आरती के महत्व के बारे में बताया। भारत माता पूजन समिति का गठन प्रतिदिन आरती करने के लिए किया गया। कलश यात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं के नाम को सूचीबद्ध किया गया। हिंदू सम्मेलन की जानकारी दी गई। देव कुमार निर्वाणी, अनिल नागवंशी, मनोज निर्वाणी, लता यादव, भगवान झा, गोपी कृष्ण झा शामिल है।

## मोहला में हिंदू सम्मेलन आज

**मोहला।** भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाने तथा समग्र हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से ग्राम मोहला में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन के माध्यम से हिंदुओं को संगठित कर तथा उनमें ऊर्जा चेतना एवं आध्यात्मिक शक्ति का जागरण करने यह हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति के संयोजक गजेंद्र पुरामे, मदनलाल यादव, नूतन साहू, सावित्री नेताम, संरक्षक लाल लक्ष्मेंद्र शाह, अमर सिंह ठाकुर, नारायण खंडेलवाल, संजय जैन, खोरबाहराराम यादव सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि 17 दिसंबर को दोपहर ग्राम मोहला के दशहरा मैदान में इस सम्मेलन का आयोजन सुबह 9 बजे हवन पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसके उपरांत 10 बजे कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर पुनः दशहरा मैदान में विसर्जित होगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से संकीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रबोधन और प्रवचन के साथ समापन सत्र संपन्न होगा।

कार्यक्रम में संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी, बाल भगवताचार्य शुभम कृष्ण महराज, दीदी तृप्ति वैष्णव व अन्य प्रबुद्धजनों का सानिध्य प्राप्त होगा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह मध्य क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही संत समाज के विद्वतजन, मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न समाज प्रमुखों की उपस्थिति रहेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 तक

**कबीरधाम।** जिले के ग्राम बनिया में 13 से 21 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ से आचार्य पंडित संतोष पांडे चंडीधाम गौरमाटी अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कराएंगे।

**आवश्यकता है**
पेट्रोल पंप में काम करने के लिए युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है. वेतन चार अंकों पर.
- संपर्क करें -
उरई डबरी, तुमरीबोड़, चिचोला
Mo. 77480-80000




online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

# करंट में फंसी मादा तेंदुआ, अंधविश्वास और लालच में नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

वन मंडल में मादा तेंदुए की मौत का मामला अब पूरी तरह साफ हो गया है। इस पूरे मामले की सबसे बड़ी बात यह है कि वन विभाग ने महज 24 घंटे के भीतर घटना से जुड़ी हर कड़ी जोड़ते हुए पूरे गिरोह को बेनकाब कर दिया। जांच में सामने आया है कि कुछ लोगों ने जंगल में बिजली के तार लगाकर जानवर पकड़ने का जाल बिछा रखा था। बताया जा रहा है कि यह जाल किसी और वन्य प्राणी के शिकार के लिए लगाया गया था, लेकिन उसी में एक मादा तेंदुआ फँस गई।

करंट लगने से तेंदुआ बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद जो हुआ, वह बेहद डराने वाला है। आरोपियों ने तेंदुए को मरता छोड़ने के बजाय उस पर लाठी-डंडों से लगातार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वे उसके चारों पंजे और चार दांत काटकर ले गए और शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए। मामले मे वन विभाग ने ब्लॉक के दैहान निवासी डोमन लाल वर्मा, चंदू राम वर्मा, हेमचंद वर्मा, दीपक यादव, फ़िरोज़ निषाद, कचरू यादव और भगवती वर्मा को गिरफ्तार किया है।

## 24 घंटे के भीतर वन विभाग ने खोला पूरा राज, सात आरोपी गिरफ्तार

### पंजे और दांत बरामद

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आ गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय अमला, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल और डॉग स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुँची। पूछताछ और जांच के बाद पूरे गिरोह की पहचान कर ली गई। आरोपियों की निशानदेही पर बिजली के तार, लाठी-डंडे, धारदार हथियार और तेंदुए के गायब पंजे व दांत भी बरामद कर लिए गए। वन विभाग ने नियमों के अनुसार तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार किया। सभी जरूरी सैंपल सुरक्षित रखे गए हैं। मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।







### जादू टोना के चक्कर में तेंदुए की हत्या

जांच के दौरान एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में से एक व्यक्ति जादू-टोना करता था। इसी वजह से आशंका जताई जा रही है कि तेंदुए की हत्या के पीछे अंधविश्वास भी एक बड़ा कारण हो सकता है। ग्रामीण इलाकों में आज भी कुछ लोग वन्य प्राणियों के अंगों को तंत्र-मंत्र से जोड़कर देखते हैं।

## भाजपा प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के सह प्रभारी बने गोस्वामी



**मोहला।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी का दायित्व गुलाब गोस्वामी को सौपा है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है।गुलाब गोस्वामी लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहते हुए भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करते आ रहे हैं। गठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद गुलाब गोस्वामी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पिछड़ा वर्ग समाज के हितों की रक्षा, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## किसानों को धान टोकन देने की मांग

**राजनांदगांव।** छमुमो के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव भानपुरी सोसायटी पहुंचकर किसानों के साथ उनकी समस्याएं सुनी और विस्तृत चर्चा की। धान बिक्री में ऑनलाइन-ऑफलाइन टोकन रकबा कटौती एवं सर्वर डाउन जैसी समस्याओं से किसान टोकन के लिए सोसाइटी के चक्कर लगाकर परेशान है। श्री वैष्णव ने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बकाया किसानों की चौथी किस्त की राशि एवं केन्द्र द्वारा बढ़ाए गए दर की भुगतान किया जाए एवं रकबा में सुधार कर किसानों को लाभ पहुंचाया जाए। शासन द्वारा निर्धारित मापदंड की प्रतिपालन कर किसानों के हित में कार्य करें, किसी प्रकार किसानों को धान बिक्री में परेशान ना किया जाए।सोसायटी से धान का उठाव एवं धान खरीदी की मात्रा (क्विंटल) को बढ़ाया जाए। जिससे किसानों को धान बिक्री में तेजी आ सके तथा किसानों को लाभ हो सके। श्री वैष्णव ने कहा कि किसानों को धान बिक्री का टोकन सोसाइटी में देने की मांग शासन से की है।

MARUTI SUZUKI ARENA
PRESENTING
VICTORIS
GOT IT ALL
मारूती की कार चौहान का वादा, ऑफर मिलेगा सबसे ज्यादा
Long Term Event Location
SUV Carnival, Adarsh Nagar
Durg. Ph. 79099 99315
INSURANCE FREE
Valid Till 31st Dec.




₹ Introductory Price 10.49 Lakh*
27.00* Km/Kg. CNG
28.65* Km/l Petrol
AVAILABLE IN: HYBRID | ALLGRIP | smart HYBRID | S-CNG



| Model | Price Hike | | Consumer Offer | | | Exchange Bonus | | | Old Car Price Reduction | Waiver Processing charges (Finance)* (F) | Total Additional Savings |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ex Showroom (Highest selling variant) | Expected Price Hike(4%) | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | | | |
| Alto K10 | 4,77,400 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 2,600 | 92,600 |
| S-Presso | 4,79,900 | 20,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 90,000 | 2,600 | 1,32,600 |
| Celerio | 6,03,495 | 25,000 | 30,000 | 10,000 | 20,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 85,000 | 2,600 | 1,37,600 |
| WagonR | 5,28,618 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 50,000 | 2,600 | 1,02,600 |
| New Swift | 6,58,901 | 25,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 60,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Brezza | 9,20,780 | 35,000 | 10,000 | 0 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 1,10,000 | 3,500 | 1,63,500 |
| Ertiga | 9,85,579 | 40,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 90,000 | 3,500 | 1,43,500 |
| Eeco | 5,11,964 | 20,000 | 20,000 | 10,000 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 3,500 | 78,500 |
| New Dzire | 7,17,337 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 65,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Tour S | 6,87,197.73 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 15,000 | 0 | 15,000 | 50,000 | 3,500 | 98,500 |
| Victoris | 11,80,179 | 50,000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3,500 | 53,500 |

TOTAL BENEFITS UPTO ₹1,63,500/-* *T&C APPLY
3 years 100 000 km WARRANTY
ARENA SAFETY SHIELD
CHOUHAN AUTOMOBILES LLP.
Authorised Dealer of Maruti Suzuki India Limited
भिलाई - दुर्ग राजनांदगांव बायपास, होटल इम्प्रीयन के पास. फोन- 7222910019, 7222910022, 7222910013, 7222910033, 7222910073
बेमेतरा - नवागढ़ चौक के पास, कवर्धा रोड़ फोन 7222910019, 7222910025, 7222910078
कवर्धा - ट्रासपोर्ट नगर, कृषि उपज मंडी के पास फोन 7222910019, 7222910044
पंडरिया - रहबा, कवर्धा रोड़, पंडरिया, फोन 7222910019, 7222910044
बालोद - झलमला चौक के पास, दुर्ग रोड़. फोन- 7222910019, 7222910029
दल्लीराजहरा -मेन रोड़, हीरो होंडा शो रूम के पास फोन - 7222910019, 7222910029
Deepak Advertisers